रोहतक
बुधवार 25 फरवरी 2026
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, नवमी वर्ष : 30, अंक : 22
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 31.0
न्यून. 9.2

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 82,225.92 | 1068.74 ▼ |
| निफ्टी | 25,424.65 | 288.35 ▼ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 1,63,300/- | 500/- ▲ |
| चांदी | 2,57,000/- | ---- |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 90.69 | 5 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 71.66 बैरल | 0.22% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## खबर संक्षेप

### अनंतनाग में सीआरपीएफ जवान ने आत्महत्या की

**श्रीनगर (भाषा)।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से कथित रूप से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान सीआरपीएफ की 96वीं बटालियन के सिपाही अजीत सिंह के रूप में हुई है। वह दक्षिण कश्मीर के बिजबेहड़ा स्थित औद्योगिक क्षेत्र में चालक के रूप में तैनात थे। एजेंसी

### पंजाब में पकड़ा आतंकी मॉड्यूल, दो गिरफ्तार

**चंडीगढ़ ।** पंजाब पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) द्वारा समर्थित एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने का दावा किया। पुलिस के मुताबिक उसने जबरन वसूली से जुड़ी गोलीबारी की घटनाओं में कथित तौर पर संलिप्त दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक पिस्तौल, मैगजीन और आठ कारतूस जब्त किए गए हैं। भाषा

### इंग्लैंड सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम

**पाल्लेकल (भाषा)।** इंग्लैंड टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। टीम ने पाकिस्तान पर 2 विकेट की जीत दर्ज की। इस एडीशन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी है। टूर्नामेंट के इतिहास में इंग्लिश टीम ने लगातार सबसे ज्यादा 5वीं बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। कैंडी के पल्लेकेले स्टेडियम में इंग्लैंड ने 165 रन का टारगेट 19.1 ओवर में 8 विकेट पर चेज कर लिया। (विस्तृत खेल पेज पर)

### घर में आग लगने से 5 बच्चों सहित छह की मौत

**मेरठ।** मेरठ जिले में एक मकान में आग लगने से पांच बच्चों सहित छह लोगों की मौत हो गई जबकि एक महिला घायल हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मेरठ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने सिविल अस्पताल में बताया कि यह घटना किदवई नगर इलाके में रात करीब आठ बजे हुई। इकबाल अहमद के आवास पर आग लगने की सूचना के बाद पुलिस एवं दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। भाषा

### लॉरेंस बिश्नोई से जुड़े वकील पर फायरिंग

**नई दिल्ली।** जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से जुड़े एक वकील की कार पर कश्मीरी गेट स्थित अंतरराज्यीय बस टर्मिनस (आईएसबीटी) के पास अज्ञात हमलावरों ने गोलीबारी की, जिसमें एक व्यक्ति के घायल होने की खबर है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) राजा बांठिया ने बताया कि गोलीबारी की सूचना 10 बजे रात को प्राप्त हुई। पुलिस जांच कर रही है। भाषा

### अमेजन का एशिया में दूसरा सबसे बड़ा ऑफिस

**बेंगलुरु।** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने बेंगलुरु के बाहरी इलाके कट्टिगेनाहल्ली में एशिया का अपना दूसरा सबसे बड़ा ऑफिस खोला है। 11 लाख स्क्वेयर फीट में फैला यह 12 मंजिला कैंपस अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। ऑफिस में ई-कॉमर्स, ऑपरेशंस, पेमेंट्स, टेक्नोलॉजी और सेलर सर्विसेज जैसे विभागों के 7,000 से ज्यादा कर्मचारी एक साथ काम कर सकेंगे। एजेंसी



---

**दर्दनाक**

**सिर को काटकर घर से 21 किमी दूर फेंक आया**

# लखनऊ में बेटे ने पिता की हत्या कर शव को आरी से काटकर नीले ड्रम में छिपाया

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में नीले ड्रम का खौफ एक बार फिर ताजा हो गया है। मेरठ से शुरू हुआ सिलसिला राजधानी लखनऊ तक पहुंच चुका है। इस बार बेटे ने अपने ही पिता के टुकड़े कर शव को नीले ड्रम में छुपा दिया। बताया जा रहा है लखनऊ में वर्धमान पैथोलॉजी लैब के मालिक मानवेंद्र सिंह की उनके 21 साल के इकलौते बेटे अक्षत प्रताप सिंह ने गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को बाथरूम में आरी से काटकर टुकड़े नीले ड्रम में भर दिए। सिर को काटकर कार में रखा और घर से 21 किलोमीटर दूर फेंक आया। अन्य हिस्से को तारपिन के तेल से से जलाने की फिराक में था। इसके लिए 10 लीटर तारपिन का तेल भी रूम स्प्रे छिड़कर दुर्गंध खत्म कर रहा था। अक्षत ने अपनी बहन के सामने घटना को अंजाम दिया। उसे धमकी दी कि किसी को बताया तो उसे भी मार डालेगा।

**शव जलाने के लिए 10 लीटर तारपिन का तेल भी लाया**
**बदबू भगाने के लिए कमरे में स्प्रे भी किया**
**बहन को भी मारने की धमकी दी**

**पापा बनाना चाहते थे डॉक्टर, बेटा चाहता था होटल, इसलिए वारदात**







### इसलिए की वारदात

आरोपित ने पुलिस को बताया कि उसके पिता चाहते थे कि वह एनईईटी क्वालीफाई करके एमबीबीएस करे। वह इस बात पर अड़ा था कि एमबीबीएस के लिए उस पर जबरदस्ती न की जाए। वह पिता से कहता था कि पैथोलॉजी लैब की जगह लॉन या रेस्टोरेंट खोला जाए, जो ज्यादा अच्छा बिजनेस रहेगा। इसी बात को लेकर 20 फरवरी को पिता से बहस हुई। गुस्से में उसने पिता की लाइसेंसी राइफल से गोली मार दी और बाथरूम में शव को आरी से काटकर उसके टुकड़े नीले ड्रम में छिपा दिये। वारदात आशियाना कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर-एल की है। उसका पिता मानवेंद्र सिंह पैथोलॉजी लैब के अलावा शराब कारोबार से भी जुड़ा थे।

---

**महिला टी-20 वर्ल्डकप का शेड्यूल जारी**

# भारत-पाकिस्तान का 14 जून को होगा मुकाबला

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** आईसीसी ने मंगलवार को महिला टी-20 विश्व कप 2026 का शेड्यूल जारी कर दिया है। 12 जून से पांच जुलाई तक इंग्लैंड और वेल्स में यह टूर्नामेंट होगा। खास बात यह है कि इस बार भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में हैं। दोनों का पहला मुकाबला 14 जून को एजबेस्टन में होगा। पिछले महीने नेपाल में खेले गए क्वालिफायर के बाद 12 टीमों का लाइन-अप तय हुआ।



**दो ग्रुप में बंटी टीमें**
- **ग्रुप 1:** ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नीदरलैंड।
- **ग्रुप 2:** वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, आयरलैंड, स्कॉटलैंड।

---

# केरल का नाम बदलकर अब 'केरलम' किया

**सेवातीर्थ में पहली कैबिनेट मीटिंग हुई, मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड में तीन रेल प्रोजेक्ट समेत कुल आठ फैसले लिए गए**

**नई दिल्ली (भाषा)।** पीएम नरेंद्र मोदी के नए ऑफिस सेवा तीर्थ में मंगलवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक हुई। केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बताया कि कुल 12,236 करोड़ के प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड में तीन रेल प्रोजेक्ट समेत कुल 8 फैसले लिए हैं। बैठक में केरल सरकार के राज्य का नाम बदलकर केरलम करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई।



### अब केरल विस को भेजा जाएगा प्रस्ताव

कैबिनेट से मंजूरी के बाद अब राष्ट्रपति 'केरल (नाम में बदलाव) बिल, 2026' को संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत केरल विधानसभा की राय के लिए भेजेंगी। विधानसभा की राय मिलने के बाद, सरकार संसद में बिल पेश करेगी। संसद से पास होने पर राज्य का नाम आधिकारिक रूप से केरलम हो जाएगा। केरल विधानसभा से 24 जून 2024 को प्रस्ताव पास हुआ था। इस प्रस्ताव के मुताबिक केरल का असल में मलयाली भाषा में नाम केरलम है। हिंदी और दूसरी भाषाओं में इसे केरल कहा जाता है।

### इंग्लिश में केरलवासियों को क्या कहेंगे : थरूर

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक्स पर लिखा कि नाम बदलना ठीक है, लेकिन अंग्रेजी बोलने वालों के लिए एक छोटा सा भाषाई सवाल है। उन्होंने पूछा कि केरलाइट और केरलन शब्दों का क्या होगा। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि केरलमाइट किसी सूक्ष्म जीव जैसा लगता है और 'केरलमियन' किसी खनिज जैसा। उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय को टैग करते हुए सुझाव दिया कि नए शब्द के लिए प्रतियोगिता कराई जा सकती है।

### ये रेल प्रोजेक्ट भी मंजूर

कैबिनेट ने तीन नए रेल प्रोजेक्ट के तहत गोंदिया-जबलपुर रेल लाइन के डबलिंग, गम्हरिया-चांडिल और पुनारख-किऊल के बीच तीसरी-चौथी रेल लाइन को मंजूरी दी है। साथ ही श्रीनगर में एक नया एयरपोर्ट टर्मिनल बनेगा और अहमदाबाद मेट्रो के फेज 2बी का एक्सटेंशन होगा। (पेज 5 भी देखें)

---

## सीएम सैनी ने विधानसभा में साझा की जानकारी, जांच के लिए समिति गठित

*आईडीएफसी बैंक में 590 करोड़ के घोटाले पर विस में हंगामा*

# 24 घंटे में ही 556 करोड़ वापस खातों में आए, इनमें ब्याज भी

**सरकार हर पैसे की निगरानी और सुरक्षा पर जीरो टोलरेंस अपना रही**

**कमेटी सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों की भूमिका की छानबीन करेगी और सुरक्षा उपायों पर सिफारिशें देगी**

**दो बैंकों में गड़बड़ी सामने आई थी गलत तरीके से पैसा ट्रांसफर हुआ**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू स्मॉल बैंक से जुड़े 590 करोड़ रुपये के घोटाले में सरकार का सर्जिकल एक्शन काम कर गया। महज 24 घंटे में 556 करोड़ रुपये सरकारी खातों में वापस आ गए हैं, जिसमें 22 करोड़ रुपये का ब्याज भी शामिल है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को विधानसभा में पूरी राशि की रिकवरी की जानकारी साझा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार हर पैसे की निगरानी और सुरक्षा को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति अपना रही है। उन्होंने इस गंभीर मामले पर वित्त सचिव की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय कमेटी बनाने की घोषणा की। कमेटी न केवल गड़बड़ी में शामिल सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों की भूमिका की छानबीन करेगी, बल्कि ऐसे मामलों को भविष्य में रोकने के लिए मजबूत निगरानी तंत्र, वित्तीय प्रोटोकाल और तकनीकी सुरक्षा उपायों पर भी अपनी सिफारिशें देगी। (पेज दो भी देखें)

**दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी**

### जांच कमेटी एक माह में देगी रिपोर्ट



सरकार ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की चंडीगढ़ शाखा में 590 करोड़ और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में अनधिकृत धन हस्तांतरण व संदिग्ध लेनदेन की जांच के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) अरुण कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में 4-सदस्यीय उच्च-स्तरीय समिति गठित की है। दोनों बैंकों को डि-एम्पैनल (डी-सूचीबद्ध) कर दिया है। यह समिति एक माह में अपनी रिपोर्ट देगी। मुख्यसचिव अनुराग रस्तोगी ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। समिति में अरुण कुमार गुप्ता, आईएएस, अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त विभाग) को अध्यक्ष बनाया है। अन्य सदस्यों में अनिश यादव, आईएएस, विनय कुमार, आईआरपीएस, और सतीश कुमार, एचसीएस को शामिल किया गया है।

### रकम को इधर-उधर ट्रांसफर किया

बताया गया है कि ये गड़बड़ी चंडीगढ़ स्थित दो बैंकों में हुई। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की चंडीगढ़ शाखा के अलावा यूटी के सेक्टर-32 के एयू स्माल फाइनांस बैंक में यह गड़बड़ी सामने आई। प्रारंभिक तथ्यों के अनुसार कुछ कर्मचारियों ने सरकारी खातों से अनधिकृत और गलत तरीके से रकम को इधर-उधर ट्रांसफर किया। इस तरह की गड़बड़ियां आमतौर पर बैंकिंग सिस्टम में आंतरिक 'फ्लैगिंग' से पकड़ में आती हैं, और इसी तकनीकी अलर्ट ने पूरे मामले का पर्दाफाश किया। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने स्टाक एक्सचेंज को सूचना देकर माना कि उसके कुछ कर्मचारियों ने सरकारी खातों में अनधिकृत तरीके से ट्रांजेक्शन किए हैं। बैंक ने चार संदिग्ध कर्मचारियों को तत्काल सस्पेंड किया।

### पंचकूला थाने में दर्ज हुई एफआईआर

हरियाणा सरकार से 590 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी मामले में पंचकूला विजिलेंस थाने में मामला दर्ज कर लिया है। विजिलेंस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस मामले में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जांच एजेंसी ने बैंक अधिकारियों, पब्लिक सर्वेंट्स और साजिश में शामिल दूसरे कई लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (पीसी एक्ट) की कई गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। धोखाधड़ी के मामले में बीएनएस की धारा 316(5) (आपराधिक विश्वासघात) और 318(4) (गंभीर धोखाधड़ी) भी लगाई गई है। सरकारी धन को ट्रांसफर करने के लिए फर्जी दस्तावेज के आरोप में धारा 338 और 340(2) के तहत कार्रवाई की गई है। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(2) और बीएनएस की धारा 61(2) (आपराधिक साजिश) को भी शामिल किया गया है।

**■ कई धाराओं के तहत होगी जांच खुलेगा राज**

---

# बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए लगेगी वैक्सीन

**केंद्र देशभर में जल्द शुरू करेगा टीकाकरण अभियान**
**हर साल 80,000 नए मामले सामने आ रहे**

**नई दिल्ली(भाषा)।** केंद्र सरकार जल्द देश में ह्यूमन पेपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण कार्यक्रम शुरू करेगी। एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि एचपीवी की शुरुआत से महिलाओं का स्वास्थ्य मजबूत होगा और रोके जा सकने वाले कैंसर खत्म होंगे। इस पहल का उद्देश्य किशोरियों को गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर (सर्वाइकल कैंसर) से बचाना है। इस कार्यक्रम के तहत 14 वर्ष की लड़कियों को टीके लगाए जाएंगे।

### यह दूसरा सबसे आम कैंसर

- सर्वाइकल कैंसर महिलाओं के बीच दूसरा सबसे आम कैंसर है।
- हर साल 80,000 नए मामले सामने आ रहे व 42,000 से अधिक मौतें।
- भारत में सर्वाइकल कैंसर के 80 प्रतिशत से अधिक मामलों के लिए यही दो प्रकार जिम्मेदार हैं।
- भारत के राष्ट्रीय कार्यक्रम में 'गार्डासिल' का उपयोग किया जाएगा। यह एक 'क्वाड्रीवैलेंट' एचपीवी वैक्सीन है जो कैंसर पैदा करने वाले एचपीवी टाइप 16 और 18 के साथ-साथ टाइप 6 और 11 से भी सुरक्षा प्रदान करती है।

---

*प्रदेश में डॉक्टरों की कमी नहीं रहने दी जाएगी*

## राज्य में जल्द 450 डॉक्टर्स की भर्ती होगी : आरती राव

**चंडीगढ़(ब्यूरो)।** प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने मंगलवार को बताया कि जल्द ही प्रदेश में नए 450 डॉक्टरों की भर्ती की जाएगी, भविष्य में प्रदेश में डॉक्टरों की कमी नहीं रहने दी जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर जवाब दे रही थी। सरकार ने एक वर्ष में 1400 से ज्यादा डॉक्टरों की भर्ती की है, जबकि वर्ष 2014 से पहले शायद एक साल में इतने ज्यादा डॉक्टर कभी भी नहीं लगाए गए।



एक वर्ष में 1400 से ज्यादा डॉक्टर भर्ती किए

*हाईकोर्ट पहुंचे शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद*

## गिरफ्तारी से बचने को अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की

**प्रयागराज (एजेंसी)।** प्रयागराज में तुलसी पीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों का मामला अब इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंच गया है। आरोपी स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद गिरी की ओर से हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई है। याचिका वकील राजर्षि गुप्ता, सुधांशु कुमार और श्री प्रकाश के जरिए दायर हुई है।



अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य पर केस दर्ज

*दिल्ली से लेह जा रहा था विमान*

## फ्लाइट का इंजन फेल हुआ दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली से लेह (लद्दाख) जा रही स्पाइसजेट की उड़ान में अचानक बड़ी तकनीकी खराबी आ गई, जिसके चलते विमान को वापस दिल्ली एयरपोर्ट पर उतारना पड़ा। घटना के वक्त विमान में लगभग 150 यात्री सवार थे। हवा में इंजन फेल होने जैसी गंभीर स्थिति के बावजूद, पायलटों ने एटीएस से संपर्क कर विमान की दिल्ली एयरपोर्ट पर सुरक्षित आपातकालीन लैंडिंग कराई।




विमान में सवार सभी 150 यात्री सुरक्षित

---

## चतरा में हुए एयर एंबुलेंस हादसे ने छीन ली परिवार की उम्मीदें

**दिल्ली जाने के लिए दो लाख का कर्ज लिया, 6 का जुगाड़ किया**

# बेहतर इलाज की चाह में मौत की यात्रा एक को बचाना था, सात की जान गई

*संजय के परिजनों ने बताया कि एयर एंबुलेंस लगभग 8 लाख रुपये में बुक की गई थी। यह राशि जुटाने के लिए परिवार ने करीब 2 लाख रुपये का कर्ज लिया और बाकी 6 लाख रुपये बचत और रिश्तेदारों से इकट्ठे किए। उम्मीद थी कि संजय की जान बच जाएगी, लेकिन हमने तीन जिंदगियां खो दीं।*

**चतरा (एजेंसी)।** झारखंड में चतरा जिले के करमतांड़ जंगल में हुए एयर एंबुलेंस हादसे ने एक पूरे परिवार की जीवन की उम्मीदें छीन लीं। 7 मृतकों में संजय कुमार, उनकी पत्नी अर्चना देवी और भतीजा ध्रुव कुमार शामिल हैं। लातेहार के बकोरिया में होटल चलाने वाले संजय कुमार एक सप्ताह पहले सड़क किनारे स्थित अपने लाइन होटल में आग लगने से गंभीर रूप से झुलस गए थे। डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए दिल्ली ले जाने की सलाह दी थी। सोमवार शाम वह बिरसा मुंडा हवाई अड्डे से चार्टर्ड एयर एंबुलेंस में पत्नी और भतीजे के साथ सवार हुए। कुछ ही घंटों बाद विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर आ गई।

### होटल में आग लगने से झुलस गए थे

16 फरवरी को लाइन होटल में खाना बनाते समय आगजनी की घटना हुई थी। एलपीजी रिसाव से आग भड़क उठी और संजय गंभीर रूप से घायल हो गए। डॉक्टरों ने उन्हें दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में स्थानांतरित करने की सलाह दी, जिसके बाद परिवार ने एयर एंबुलेंस की व्यवस्था की। संजय का परिवार पहले भी त्रासदी झेल चुका है। वर्ष 2004 में उनके पिता की माओवादियों द्वारा हत्या कर दी गई थी। संजय ने धीरे-धीरे परिवार की जिम्मेदारी संभाली।



**दो बच्चे हो गए अनाथ :** हादसे ने संजय के दो नाबालिग बच्चों को भी अनाथ कर दिया है। 13 वर्षीय शिवम और 17 वर्षीय शुभम ने एक ही रात में अपने माता-पिता दोनों को खो दिया।

**ऐसे खत्म हो गई यात्रा :** परिवार ने संजय के इलाज के लिए हर संभव प्रयास किया, यहां तक कि दिल्ली के गंगा राम अस्पताल भेजने के लिए विमान बुक कराने हेतु बड़ा कर्ज भी लिया, लेकिन एयर एंबुलेंस हादसे में उनकी पत्नी सहित उनकी मृत्यु हो गई। एक रिश्तेदार ने बताया कि 6 लाख रुपये जमा कर दिए गए थे, लेकिन 2 लाख रुपये की कमी के कारण एयर एंबुलेंस सेवा में देरी हुई।

---

# 8वीं के छात्र पढ़ेंगे 'क्या है ज्यूडिशियरी में भ्रष्टाचार'

**एनसीआरटी ने सोशल साइंस में जोड़ा नया सेक्शन, इसमें पेंडिंग केस, पूर्व सीजेआई का भी जिक्र**
■
**भ्रष्टाचार और लंबित मुकदमों को न्यायिक प्रणाली की चुनौतियां बताया**

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) ने सोमवार को कक्षा 8 की नई सोशल साइंस की किताब जारी की है। इस सामाजिक विज्ञान की नई पाठ्यपुस्तक में कहा गया है कि भ्रष्टाचार, लंबित मुकदमों की बड़ी संख्या और न्यायाधीशों की पर्याप्त कमी न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली 'चुनौतियों' में शामिल हैं। एनसीईआरटी की नई किताब के 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' नामक खंड में कहा गया है कि न्यायाधीश एक आचार संहिता से बंधे होते हैं जो न केवल अदालत में उनके व्यवहार को नियंत्रित करती है, बल्कि अदालत के बाहर उनके आचरण को भी नियंत्रित करती है। हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका शीर्षक वाले अध्याय में न्यायालयों के पदानुक्रम और न्याय तक पहुंच की व्याख्या करने से आगे बढ़कर न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों के समाधान तक का जिक्र है। पाठ्यपुस्तक के पहले के संस्करणों में न्यायालयों की संरचना व भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया है।

## खबर संक्षेप



### तस्कर से 50 लाख की 105 ग्राम हेरोइन बरामद

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत फतेहाबाद पुलिस को मंगलवार को बड़ी कामयाबी मिली। सीआईए फतेहाबाद की टीम ने पंजाब के एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 105 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 50 लाख रुपये आंकी गई है। आरोपी की पहचान हरदीप सिंह उर्फ हैप्पी पुत्र पाला सिंह निवासी गांव बीड़ तलाब नहर, जिला बठिंडा के रूप में हुई है। सीआईए फतेहाबाद प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल ने बताया कि उनकी टीम बस अड्डा दौलतपुर क्षेत्र में गश्त एवं अपराधियों की धरपकड़ हेतु मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर पंजाब से हेरोइन की खेप लेकर क्षेत्र में सप्लाई करने आने वाला है।

### अग्निकांड में मारे गए लोगों के लिए एक करोड़ मुआवजा मांगा

**फरीदाबाद।** 16 फरवरी को कालका स्टील कंपनी में हुए भीषण अग्निकांड और विस्फोट में मृतकों की संख्या बढ़कर 6 हो गई है। हादसे में दो अग्निशमन कर्मी, एक पुलिस कर्मचारी, कंपनी मालिक का बेटा और दो मजदूरों की जान गई। घटना को लेकर कर्मचारियों और मजदूर संगठनों में भारी आक्रोश है। मंगलवार को सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा और सीटू के नेतृत्व में कर्मचारियों ने डीसी ऑफिस पर जोरदार प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल ने डीसी आयुष सिन्हा से मुलाकात कर मृतक आश्रितों को एक करोड़ रुपये आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को स्थायी नौकरी, शहीद का दर्जा और घायलों को 10-10 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग रखी।

### ज्वेलरी शॉप से महिला सोने के कड़े पहन फरार

**फरीदाबाद।** शहर के मेन बाजार में ज्वेलरी शॉप से एक महिला दो सोने के कड़े चुराकर फरार हो गई। जानकारी के अनुसार, सोमवार रात एक महिला अपने एक पुरुष साथी के साथ बिना नंबर की स्कूटी पर दुकान पर पहुंची। उसने सोने के कड़े दिखाने के लिए दुकानदार से कहा। उस समय दुकान पर ग्राहकों की भीड़ थी। इसी दौरान मौका देखकर महिला ने दो कड़े चुपचाप अपने हाथों में पहन लिए और दुकानदार की नजर बचाकर बाहर निकल गई।

## रिश्तों का कत्ल : जींद में लालच में ली बुजुर्ग की जान

# भतीजों को जमीन ठेके पर देने से मना किया तो ताऊ की पीट-पीटकर हत्या

■ पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर दो के खिलाफ दर्ज किया हत्या का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

गांव दबलैन में जमीन ठेके पर देने से मना किया तो दो भतीजों ने बुजुर्ग ताऊ की पीट-पीट कर हत्या कर दी। सदर थाना नरवाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर दोनों आरोपित भतीजों के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न भारतीय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव दबलैन निवासी मिया सिंह (70) की उसके भतीजे बलविंद्र तथा यादवेंद्र से जमीन को लेकर कहासुनी हो गई। इस पर दोनों भाइयों ने अपने ताऊ मिया सिंह की बेरहमी से पिटाई की, जिसमें मिया सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें घायलावस्था में परिजनों द्वारा नरवाना के नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां से चिकित्सकों ने मिया सिह की गंभीर हालात देख पीजीआईएमएस रोहतक रेफर कर दिया लेकिन परिजन उन्हें हिसार के निजी अस्पताल ले गए। जहां पर मंगलवार को उपचार के दौरान मिया सिंह की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर सदर थाना नरवाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया।

### घर में आकर दोनों भाइयों ने हमला बोला



मृतक के बेटे सूर्य प्रकाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पिछले साल उसके चचरे भाई बलविंद्र तथा यादवेंद्र ने उनकी जमीन ठेके पर ली थी। आरोपितों ने अभी तक ठेका राशि नहीं दी। आरोपित फिर उसके पिता मिया सिंह पर जमीन उन्हें ठेके पर देने के लिए दबाव बना रहे थे। जिस पर उसके पिता मिया सिंह ने उन्हें जमीन ठेके पर देने से मना कर दिया था। गत दिवस शाम को जब उसका पिता भैंसों को पानी पिला कर घर पहुंचा तो दोनों भाइयों ने उसके पिता मिया सिंह पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने मृतक के बेटे सूर्यप्रकाश की शिकायत पर बलविंद्र तथा यादवेंद्र के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना नरवाना प्रभारी कमल ने बताया कि मृतक के बेटे ने अपने दो चचेरे भाइयों पर पिता की हत्या करने आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### अपहरण के 4 दिन बाद नहर से मिला शव

**रोहतक।** पुलिस ने खरावड़ आउटर बाइपास पुल के पास का सत्यवान को गोली मारकर अपहरण करने की गुत्थी सुलझा ली है। पुलिस ने कन्हेली पहरावर रोड स्थित जेएनएल नहर से सत्यवान का शव बरामद कर लिया है। वारदात में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से 5 देसी पिस्तौल और 5 रौंद बरामद हुए हैं। एसपी सुरेन्द्र सिंह भौरिया ने बताया कि 20 फरवरी को ब्रेजा कार पर गोलियों के निशान और खून मिलने की सूचना पर मामला दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि सत्यवान सांपला की ओर जा रहा था, तभी अज्ञात युवकों ने फायरिंग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसआईटी का गठन किया गया। जांच के दौरान मनीष निवासी भाली आनंदपुर और मंजीत उर्फ माफिया निवासी भापोड़ा, भिवानी को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की निशानदेही पर शव बरामद हुआ।

## कुरुक्षेत्र में हुई संयुक्त किसान मोर्चा की राष्ट्रीय आम बैठक

# अमेरिका से व्यापार समझौते के विरोध में 9 मार्च से 13 अप्रैल तक होगा आंदोलन : राकेश टिकैत

9 राज्यों के 150 से अधिक किसान प्रतिनिधियों ने बैठक में भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

संयुक्त किसान मोर्चा की राष्ट्रीय आम बैठक जाट धर्मशाला में हुई। बैठक में अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौता सहित कई मुद्दों पर विचार विमर्श कर आगामी रणनीति बनाई गई। बैठक में हरियाणा, पंजाब, जम्मू कश्मीर, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, केरल सहित सात राज्यों से किसान संगठन शामिल हुए। बैठक में जोगिंदर सिंह उग्राहां, राकेश टिकैत, डॉ. अशोक धवले, आशीष मित्तल, जगमोहन सिंह, राजन क्षीरसागर और जोगिंदर सिंह नैन शामिल थे।

9 राज्यों से 150 से अधिक प्रतिनिधियों ने बैठक में भाग लिया। इंद्रजीत सिंह ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक समझौता किसानों और दुग्ध उत्पादकों के लिए अत्यंत घातक है।



कुरुक्षेत्र। जाट धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत करते राकेश टिकैत।

### 9 मार्च को जंतर मंतर पर होगी मजदूर किसान संसद

उन्होंने कहा कि बैठक में निर्णय लिया गया है कि जनता के बीच जाकर किसानों सहित आमजन को जागरूक किया जाएगा। बड़ी पब्लिक मीटिंग की जाएगी। इसी के तहत 9 मार्च से लेकर जलियांवाला बाग वाला दिन 13 अप्रैल तक विभिन्न राज्यों में पंचायत आयोजित की जाएंगी। बैठक में निर्णय लिया कि संसद के सत्र के पहले दिन 9 मार्च को जंतर-मंतर पर ट्रेड यूनियनों और कृषि मजदूर संगठनों के मंच के साथ मिलकर मजदूर किसान संसद आयोजित की जाएगी। 23 मार्च शहीद दिवस को देशभर में साम्राज्यवाद-विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसके विस्तृत कार्यक्रम राज्य स्तर पर तय किए जाएंगे। 10 मार्च को बरनाला पंजाब में बड़ी पब्लिक मीटिंग आयोजित की जाएगी। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा के नेताओं ने कहा कि दिल्ली किसान आंदोलन के बाद की लंबित मांगों को पूरा करने की बजाय ओर ज्यादा किसान विरोधी निर्णयों को देश के किसानों पर थोपना शुरू कर दिया है। बिजली संशोधन कानून और स्मार्ट मीटर योजना, नया बीज बिल, मनरेगा को खत्म कर लाए गया नया कानून आदि सभी नीतियां आने वाले समय में भारत किसानों के डेथ वारंट साबित होंगे। किसानों को उनकी फसलों का पूरा भाव नहीं मिलता जिसके चलते किसान और मजदूर कर्जवान होते जा रहे है। पिछली धान की फसल खरीद में हुए महाघोटाले में शामिल शीर्ष अधिकारियों और प्रभावशाली व्यक्तियों को बचाया जा रहा है, बीमा योजना में फसल बीमा कंपनियों सरकार की क्षय पर मुनाफे कमा रही है और किसानों को लूटा जा रहा है।

## 9 वर्षीय पोती के साथ दरिंदगी करने वाले दादा को ताउम्र कैद

■ सौतेली बेटे के साथ दुराचार केस में जमानत पर बाहर आया था दोषी दादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एवं फास्ट ट्रैक कोर्ट के विशेष न्यायाधीश अमित गर्ग की अदालत ने 9 साल की पोती के साथ दरिंदगी करने वाले दोषी सूरजभान को आखिरी सांस तक जेल में रहने की सजा सुनाई है। अदालत ने उस पर दो लाख रुपये का जुर्माना भी किया है। दिसंबर 2024 में थाना भूना के अंतर्गत एक महिला ने पुलिस को शिकायत दी थी। महिला ने आरोप लगाया था कि उसका मामा ससुर (रिश्ते में दादा) उनकी मासूम बेटी के साथ बार-बार दुष्कर्म कर रहा है और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देता है। दोषी सूरजभान पहले भी अपनी सौतेली बेटी के साथ दुष्कर्म के मामले में सजा काट चुका था। वह जमानत पर बाहर आया था, लेकिन सुधरने के बजाय उसने अपनी ही 9 वर्षीय मासूम पोती को हवस का शिकार बनाना शुरू कर दिया। अदालत ने आदेश दिया है कि जुर्माने की कुल राशि में से एक लाख रुपये पीड़ित बच्ची को मुआवजे के रूप में दिए जाएंगे।

# रिफाइनरी श्रमिकों की मांगें मानी, आज काम पर लौटेंगे

■ डीसी और एसपी ने सभी पक्षों से बातचीत कर करवाया समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया व पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने मंगलवार को पानीपत रिफाइनरी में एलएनटी, टोयो व अन्य प्रमुख कंपनियों के पदाधिकारियों, ठेकेदारों और श्रमिकों के विवाद को सुलझाने के लिए सभी पक्षों की बैठक ली। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि श्रमिकों के साथ कोई भी भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी ठेकेदार उनका शोषण करना बंद करें और श्रमिकों द्वारा रखी गई सभी मांगों को पूरा करना सुनिश्चित करें। वहीं, डीसी ने कहा कि आठ घंटे की ड्यूटी का वेतन, हर माह एक से सात तारीख के बीच में वेतन और सरकार द्वारा घोषित मिनिमम लेबर रेट के अनुसार दिया जाना सुनिश्चित करें। आठ घंटों से अधिक काम पर ओवरटाइम दिया जाए। राष्ट्रीय स्तर के अवकाश होते हैं वह भी मिलने सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि श्रम स्थल पर बाथरूम व पेयजल की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि रिफाइनरी में बहुत सारे असंगठित क्षेत्र के श्रमिक हैं और इन पर किसी भी तरह का लाठीचार्ज करना ठीक नहीं है। इधर, डीसी डॉ दहिया ने बताया कि श्रमिकों ने नौ मांगें रखी थी जिन्हें पूरा किया जाएगा। बैठक में रिफाइनरी के ईडी एमएल डेहरिया ने पानीपत प्रशासन को आश्वस्त किया कि उन द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों की अनुपालना की जाएगी और बुधवार से हालात सामान्य हो जाएंगे।

बता दें कि सोमवार को अपनी मांगों को लेकर हजारों श्रमिकों ने हड़ताल की थी। इस दौरान सीआईएसएफ व श्रमिक भिड़ गए थे, जिसमें कुछ को चोटें आई थीं और दो गाड़ियां तोड़ी गई थी।


**पानीपत।** डीसी, एसपी व अन्य अधिकारी श्रमिक नेताओं के साथ बैठक करते हुए।

### मंगलवार को भी हड़ताल पर रहे श्रमिक

दूसरी ओर, मंगलवार को पानीपत रिफाइनरी से जुड़ी कंपनियों में कार्यरत अधिकतर श्रमिक हड़ताल पर रहे और जो श्रमिक काम पर गए वे हाजिरी लगाकर वापस लौट आए। अधिकतर श्रमिक रिफाइनरी के गेट नंबर तीन व चार पर जमे रहे। जबकि सीआईएसएफ व पानीपत पुलिस भी हर हालात से निपटने के लिए मौके पर तैनात रही। मांगें पूरी होने की घोषणा के बाद श्रमिक अपने घरों पर लौट गए। इधर, पानीपत प्रशासन व रिफाइनरी का प्रयास रहेगा कि बुधवार को रिफाइनरी के क्षेत्र में कामकाज सामान्य रूप से चले।

## आज से शुरू होंगी हरियाणा बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं, 5.66 लाख परीक्षार्थी बैठेंगे

# 320 उड़नदस्तों पर परीक्षा में नकल रोकने का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष प्रो (डॉ ) पवन कुमार, उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर एवं सचिव मुनीश शर्मा ने बताया कि सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी(शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) एवं डीएलएड की परीक्षा फरवरी/मार्च-2026 के सफल संचालन के लिए शिक्षा बोर्ड ने सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। बोर्ड द्वारा प्रदेशभर में पहले दिन 25 फरवरी को सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) की अंग्रेजी एवं डीएलएड द्वितीय वर्ष की रि-अपीयर परीक्षा का आयोजन करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर में करीब 1431 परीक्षा केन्द्रों पर लगभग 5 लाख 66 हजार 411 परीक्षार्थी प्रविष्ठ होंगे, जिसमें 2,96,593 लड़के व 2,69, 818 लड़कियां शामिल हैं। इसके अतिरिक्त डीएलएड (रि-अपीयर) की परीक्षाओं का संचालन भी 25 फरवरी से करवाया जा रहा हैं। इस परीक्षा में 5356 छात्र-अध्यापक परीक्षा देंगे। परीक्षाओं का समय दोपहर 12:30 बजे से 3:30 बजे तक रहेगा।

### परीक्षार्थी इन बातों का ध्यान रखें



1. प्रो (डॉ ) पवन कुमार ने बताया कि परीक्षार्थी प्रवेश-पत्र पर दिए गए दिशा-निर्देशों की पालना करते हुए परीक्षा आरंभ होने से 30 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें।
2. प्रवेश-पत्र पर तिथि अनुसार परीक्षार्थी एवं पर्यवेक्षक के हस्ताक्षर होने अनिवार्य हैं इसलिए परीक्षार्थी प्रवेश-पत्र को लेमिनेशन न करवाएं।
3. परीक्षा केन्द्र में इलेक्ट्रॉनिक्स सामान जैसे मोबाइल, कैलकुलेटर व स्मार्ट वॉच आदि का प्रयोग वर्जित होगा।

### कई विशेष दस्ते बनाए

उन्होंने बताया कि औचक निरीक्षण के लिए 320 उड़नदस्तों का गठन किया गया है। इनमें बोर्ड अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व बोर्ड सचिव के प्रभावी उड़नदस्ते विशेष रहेंगे। 22 जिला प्रश्न पत्र उड़नदस्ते, 48 उप-मंडल प्रश्नपत्र उड़नदस्ते, 21 रैपिड एक्शन फोर्स, 21 एसटीएफ, संग्रहण केन्द्र के 22 एवं 2 नियंत्रण कक्ष उड़नदस्ते गठित किए हैं। उपायुक्त के 22, उप-मंडल अधिकारी (ना.) के 69 , डीईओ के 22 व अध्यक्ष के 22 उड़नदस्ते, उपाध्यक्ष के 22 व सचिव के 22 उड़नदस्ते एवं उप-सचिव (संचालन) व सहायक सचिव (संचालन) के उड़नदस्ते भी गठित किए गए हैं।

## बैंक के सहायक मैनेजर ने घर में फंदा लगा किया सुसाइड

**गुरुग्राम।** एचडीएफसी बैंक के एक असिस्टेंट मैनेजर ने फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। उसका शव सदर बाजार इलाके में किराए के कमरे से मिला है। सोमवार देर रात उसकी एक सहकर्मी ने बार-बार कॉल की, लेकिन उसने कॉल नहीं उठाई। मृतक शैलेंद्र कुमार द्विवेदी मूल रूप से रीवा का रहने वाला था। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। प्रारंभिक जांच में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, जबकि मोबाइल फोन लॉक होने के कारण उसे फॉरेंसिक जांच के लिए सील कर भेज दिया गया है।

## आप के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी ने सरकार को घेरा

# नशा तस्करों का 'सुरक्षा कवच' बनी नायब सरकार : ढांडा

■ अनुराग ढांडा ने कैथल के सिपाही सुनील संधू को नशा रोकने की वजह से धमकी मिलने का मामला उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने हरियाणा की नायब सैनी सरकार पर सीधा और तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि हरियाणा में नशे का कारोबार सरकार की छत्रछाया में फल-फूल रहा है। उन्होंने कहा कि जहां पंजाब की भगवंत मान सरकार नशा तस्करों की कमर तोड़ रही है, वहीं हरियाणा सरकार तस्करों के लिए कवच बनकर काम कर रही है।



अनुराग ढांडा ने कड़े शब्दों में कहा कि जैसे-जैसे पंजाब में आप सरकार नशे के कारोबारियों को जेल की सलाखों के पीछे भेज रही है, वैसे-वैसे हरियाणा इन अपराधियों का नया अड्डा बनता जा रहा है। नायब सिंह सैनी की सरकार में नशा तस्कर बेखौफ हैं क्योंकि उन्हें सत्ता का संरक्षण प्राप्त है।

अनुराग ढांडा ने हरियाणा पुलिस के सिपाही सुनील संधू का मुद्दा उठाते हुए सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा का एक बहादुर पुलिसकर्मी सुनील संधू सोशल मीडिया पर आकर गुहार लगा रहा है कि नशा पकड़ने के कारण उसे और उसके परिवार को धमकियां दी जा रही हैं। सीनियर अधिकारी और सरकार उसके करियर को बर्बाद करने की साजिश रच रहे हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि सैनी सरकार बहादुर पुलिसकर्मियों के साथ नहीं, बल्कि नशा तस्करों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह को सीधे तौर पर ललकारते हुए अनुराग ढांडा ने कहा कि सीएम नायब सिंह पंजाब के चक्कर लगाना छोड़ें। सीएम पहले अपना घर संभालें।

## कार पलटने से दंपति व बेटे की मौत, दूसरा बेटा घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नूंह

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर हुए भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई, जबकि एक बच्चा गंभीर रूप से घायल है। यह हादसा नूंह से गुजर रहे एक्सप्रेस-वे पर हुआ। बताया जा रहा है कि चालक को नींद की झपकी आने की वजह से हादसा हुआ। जयपुर निवासी नवीन सोनी गुरुग्राम में नौकरी करते थे। जानकारी के अनुसार वे अपनी पत्नी व दो बेटों के साथ रविवार को जयपुर में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद गुरुग्राम लौट रहे थे। हिलालपुर टोल प्लाजा के पास अचानक गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। कार कई बार पलटी। निजी अस्पताल में उपचार के दौरान तीन वर्षीय विहांश, 40 वर्षीय पत्नी माधुरी और नवीन ने मौत हो गई। केवल एक बेटा कृष्णा सोनी अभी अस्पताल में भर्ती है और उसका इलाज जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आरएसएस की राष्ट्रीय प्रतिनिधि सभा समालखा में होगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा इस वर्ष समालखा, (हरियाणा) में 13, 14 एवं 15 मार्च 2026 को आयोजित हो रही है। संघ की दृष्टि से यह सर्वोच्च निर्णायक इकाई की बैठक होती है। प्रतिवर्ष होने वाली बैठक का आयोजन इस वर्ष ग्रामविकास एवं सेवा साधना केन्द्र, पट्टीकल्याणा, समालखा, (हरियाणा) में हो रहा है। बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले तथा सभी सह सरकार्यवाह एवं अन्य पदाधिकारियों सहित कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहेंगे। बैठक में निर्वाचित प्रतिनिधि, प्रांत व क्षेत्र स्तर के प्रमुख पदाधिकारी सहित कुल 1489 कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में संघ प्रेरित विविध 32 संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष, महामंत्री एवं संगठन मंत्री भी मौजूद रहेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बताया कि इसमें कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास होंगे।

## सहयोग | रेवाड़ी पुलिस ने पेश की मानवता व भाईचारे की मिसाल

थाने के पास ही बुक कराया समारोह स्थल, पूरे स्टाफ ने की मदद

# अपने रसोइये की बेटी की शादी में पुलिसकर्मियों ने बढ़ाए मदद को हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

मॉडल टाउन पुलिस थाने में बतौर कुक तैनात किशोर को भले ही कुछ दिन पहले तक बेटी निशा की शादी की चिंता सता रही थी, लेकिन शादी से पहले पूरे थाने का स्टाफ उसकी मदद को आगे आ गया। समस्त स्टाफ ने निशा की शादी अपनी बेटी की तरह कराने का निर्णय लिया। थाने के पास ही समारोह स्थल बुक कराकर शादी संपन्न कराई तो किशोर के लिए बेटी को खुशी और उत्साह के साथ विदा करना आसान हो गया। किशोर काफी समय से बतौर कुक अपनी सेवाएं दे रहा है। उसने अपनी बेटी निशा का रिश्ता झज्जर के सुलोधा गांव निवासी राजकुमार के साथ तय किया था। शादी करीब आते-आते हर पिता की तरह उसे भी बेटी की शादी को लेकर चिंता सता रही थी। मॉडल टाउन थाना प्रबंधक रतनलाल को जब किशोर की बेटी की शादी का पता चला तो उन्होंने पूरे स्टाफ के साथ मिलकर निशा की शादी धूमधाम से कराने का निर्णय लिया। शादी कराने के लिए समारोह स्थल भी थाने के पास ही बुक कराया गया। किशोर पर शादी का ज्यादा बोझ नहीं पड़े, इसलिए पुलिस स्टाफ ने शादी के आवश्यक सामान की व्यवस्था मिल-जुलकर की। समस्त स्टाफ ने निशा की शादी अपनी बेटी की तरह कराने में बड़ी भूमिका अदा की। फेरों की रस्म अदायगी से विदाई तक लगभग पूरा पुलिस स्टाफ समारोह स्थल में मौजूद रहा। सामाजिक दायित्व का निर्वाह करने में पुलिस की यह प्रशंसनीय पहल मानी जा रही है।


रेवाड़ी। शादी संपन्न होने के बाद वर-वधु को आशीर्वाद देते हुए एसएचओ व पुलिस स्टाफ।

## सिलेंडरों से भरे ट्रक में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

हरियाणा-यूपी बॉर्डर के नजदीक गैस सिलेंडरों से भरे एक ट्रक में अचानक आग लगने से इलाके में भारी अफरा-तफरी मच गई। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से एक ट्रक 360 खाली सिलेंडर लेकर रिफिलिंग के लिए करनाल के कोहंड गैस प्लांट की ओर आ रहा था। जैसे ही ट्रक यूपी-हरियाणा सीमा के पास पहुंचा, तो अचानक उसके कैबिन से धुआं उठने लगा।

ट्रक ड्राइवर टीनू ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रक को सड़क के किनारे रोक दिया। वह कैबिन से कूदकर बाहर निकला। देखते ही देखते पूरा कैबिन आग की लपटों में घिर गया। गनीमत यह रही कि ट्रक में रखे सभी 360 सिलेंडर खाली थे, नहीं तो बड़ा धमाका हो सकता था। ड्राइवर ने यह भी बताया कि यदि आग पीछे तक पहुंच जाती, तो सिलेंडरों में भी आग लग सकती थी। सूचना पर करनाल और उत्तर प्रदेश, दोनों जगहों से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया।





## चिंतन

# बच्चों और युवाओं में बढ़ती हिंसक प्रवृत्ति चिंता का विषय

बच्चों, किशोरों और युवाओं में लगातार बढ़ रही आक्रामकता और हिंसा की प्रवृत्ति गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। लखनऊ, हरियाणा, गाजियाबाद समेत कई शहरों में हिंसक मामले सामने आए हैं। गाजियाबाद में तीन लड़कियों ने कथित गेम की लत के कारण आत्महत्या कर ली थी। वहीं, हरियाणा में भी एक दोस्त ने अपने साथी फाइनल इयर के छात्र की हत्या कर शव को जोहड़ में फेक दिया था। अब लखनऊ में वर्धमान पैथोलॉजी लैब के मालिक मानवेंद्र सिंह की उनके 21 साल के इकलौते बेटे अक्षत प्रताप सिंह ने ही गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को बाथरूम में आरी से काटकर टुकड़े नीले ड्रम में भर दिए। सिर को काटकर कार में रखा और घर से 21 किलोमीटर दूर फेंक आया। अक्षत ने अपनी बहन के सामने ही घटना को अंजाम दिया। उसे धमकी दी कि किसी को बताया तो उसे भी मार डालेगा। आरोपी का कहना है कि उसके पापा उसे डॉक्टर बनाना चाहते थे, लेकिन उसे लखनऊ में होटल खोलना था। इसी से नाराज होकर उसने पिता की हत्या कर दी। बता दें कि समाज का भविष्य बच्चे और युवा ही होते हैं। यदि इन्हीं के मन में आक्रोश, हिंसा और संवेदनहीनता घर करने लगे, तो यह केवल परिवार का नहीं, बल्कि पूरे समाज का संकट बन जाता है। बड़े शहरों में सामने आ रही ऐसी घटनाओं ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। ये घटनाएं अपवाद भर नहीं रहीं, बल्कि एक खतरनाक प्रवृत्ति की ओर संकेत कर रही हैं। युवा मन ऊर्जा से भरा होता है। यदि इस ऊर्जा को सकारात्मक दिशा न मिले, तो वही ऊर्जा विनाशकारी रूप ले सकती है। आज के दौर में डिजिटल दुनिया बच्चों और किशोरों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। हिंसक वीडियो गेम, वेब सीरीज और सोशल मीडिया पर परोसी जा रही आक्रामक सामग्री धीरे-धीरे संवेदनशील मन पर प्रभाव डालती है। जब बच्चे बार-बार आभासी दुनिया में हिंसा को 'सामान्य' रूप में देखते हैं, तो उनके भीतर हिंसा के प्रति संवेदनशीलता कम होने लगती है। वे समस्या का समाधान संवाद के बजाय टकराव में खोजने लगते हैं। हालांकि हिंसा की जड़ केवल डिजिटल माध्यमों में तलाशना पर्याप्त नहीं होगा। पारिवारिक माहौल भी उतना ही महत्वपूर्ण कारक है। यदि घर में तनाव, कलह, नशे की प्रवृत्ति या कठोर अनुशासन का वातावरण हो, तो बच्चा असुरक्षित और उपेक्षित महसूस करता है। माता-पिता की अत्यधिक अपेक्षाएं भी कई बार बच्चों के मन में दबाव और कुंठा पैदा करती हैं। करियर को लेकर थोपे गए निर्णय, तुलना की संस्कृति और असफलता का डर उन्हें भीतर से तोड़ देता है। जब संवाद के रास्ते बंद हो जाते हैं, तो आक्रोश विस्फोटक रूप ले सकता है। स्कूल और सामाजिक परिवेश भी इस समस्या से अछूते नहीं हैं। हालांकि इसके समाधान की शुरुआत भी परिवार से ही होती है। बच्चों को अनुशासन सिखाना आवश्यक है, खुला संवाद सबसे प्रभावी उपाय है। माता-पिता यदि बच्चों की बात धैर्य से सुनें, उनके मित्र बनें और उनकी भावनाओं को स्वीकार करें, तो आधी समस्या वहीं समाप्त हो सकती है। मीडिया और डिजिटल उपकरणों के उपयोग पर संतुलित निगरानी भी जरूरी है। पूर्ण प्रतिबंध समाधान नहीं है, लेकिन समय और सामग्री पर नियंत्रण आवश्यक है। बच्चों को वैकल्पिक गतिविधियों- खेल, कला, संगीत, पठन की ओर प्रेरित करना चाहिए, ताकि उनकी ऊर्जा रचनात्मक दिशा में प्रवाहित हो। स्कूलों में भी काउंसलिंग व्यवस्था को मजबूत किया जाना चाहिए, ताकि बच्चे मानसिक दबाव को समय रहते साझा कर सकें।



यूएनओ
अखिलेश आर्येन्दु

# भारत की स्थायी सदस्यता से किसे लाभ

**संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत को स्थायी सदस्यता देने का समर्थन दुनिया के तमाम देश वर्षों से करते रहे हैं। इनमें भारत के मित्र देशों के अलावा वे देश भी हैं जो अमेरिका के साथ माने जाते हैं। वहीं, दूसरी तरफ ब्राजील है जो दशकों से इस मुद्दे पर खुलकर भारत के साथ खड़ा नजर आता है। जिस तरह से ब्राजील, जापान, जर्मनी, फ्रांस और इजराइल ने भारत के साथ सैन्य अभ्यास को बढ़ाया है उससे यह साफ हो गया है कि भारत के साथ मुसीबत के दिनों में इन मित्र देशों का साथ मिलने में सहुलियत होगी। इससे अप्रासंगिक हो रहे यूएनओ की महत्ता ही बहाल न होगी बल्कि वीटो के मनमानी इस्तेमाल पर भी रोक लग सकेगी।**

संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत को स्थायी सदस्यता देने का समर्थन दुनिया के तमाम देश वर्षों से करते रहे हैं। इनमें भारत के मित्र देशों के अलावा वे देश भी हैं जो अमेरिका के साथ माने जाते हैं। वहीं, दूसरी तरफ ब्राजील है जो दशकों से इस मुद्दे पर खुलकर भारत के साथ खड़ा नजर आता है। पिछले दिनों ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने अपने पुराने पैटर्न पर कायम रहते हुए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के तुरंत सुधार की बात कही। उन्होंने सुरक्षा परिषद् में भारत और ब्राजील को स्थायी सदस्य के रूप में शामिल करने का समर्थन किया। नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बातचीत के बाद मीडिया से बात करते हुए ब्राजील के राष्ट्रपति ने जी4 यानी भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान समूह की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, जी4 समूह संघ और परिषद में सुधार की वकालत करता है और एक-दूसरे की स्थायी सदस्यता का समर्थन करता है।

ब्राजील के राष्ट्रपति ने कहा कि 20 से अधिक वर्षों से भारत, ब्राजील, जापान और जर्मनी ने जी4 नामक समूह बनाया है, जहां हम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार की वकालत करते हैं। ब्राजील प्रमुख का कहना था कि आज दुनिया-भर में जो हम देख रहे हैं, उनमें हस्तक्षेप करने के लिए यूएनओ के पास अधिक शक्ति और सामर्थ्य की जरूरत है। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि हम संयुक्त राष्ट्र संघ को ज्यादा प्रतिनिधि वाला बनाने के लिए संघर्ष जारी रखेंगे, जिसमें दुनिया के और अधिक देश शामिल किए जाएं और भारत व ब्राजील को यूएनओ में स्थायी सुरक्षा परिषद के सदस्य के रूप में स्थान मिले। अस्थायी और स्थायी सदस्यता की श्रेणियों को बढ़ाने से वैश्विक शासन की वैधता और प्रभावशीलता प्रदान करने के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि मोदी ने दोनों देशों के व्यापार और मैत्री को बढ़ाने के लिए जिस तरह की ठोस पहल की है, उससे दोनों देशों के बीच स्थायी मैत्री विकसित हुई है। भारत के मित्र देशों में ब्राजील और भारत की मैत्री दशकों से है लेकिन पिछले एक दशक में ब्राजील और भारत के बीच जिस तरह की आपसी विश्वासनीयता बढ़ी है, उससे दोनों देश कई क्षेत्रों में निकट आए हैं, जिससे विकास और प्रगति का पहिया तेजी से आगे बढ़ा है। देशों के बीच विश्वासनीयता का आधार आपसी सहमति और निकटता को लगातार गति देना रहता है। भारत और ब्राजील ने ऐसा करके दिखा दिया है। दोनों देश अलग-अलग संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, बावजूद सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आपसी सहमति और विश्वसनीयता बढ़ी है। यह इसलिए भी है कि दोनों देश बहुपक्षवाद और शांति के समर्थक हैं। इतना ही नहीं, समावेशी और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को भारत ने अपनी नीतियों के साथ आगे ही नहीं बढ़ाया बल्कि आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता भी दुहराई। संयुक्त राष्ट्र संघ में दोनों देश स्थायी सदस्यता के हकदार हैं। दोनों एक लोकतांत्रिक देश हैं और बहुत तेज गति से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं। ब्राजील भारत के लिए यूएनओ में स्थायी सदस्यता का मुद्दा जोर-शोर से उठाता रहा है और ब्राजील के लिए भी ऐसा ही भारत करता और कहता आया है। इसके पहले ब्राजील 2005 में जी4 प्रस्ताव के पहले और बाद में यूएनजीए के सत्रों में यह मुद्दा उठाया था। ब्राजील इस मुद्दे पर मानता आया है कि भारत एक प्रमुख शक्ति के रूप में दुनिया के मानचित्र पर उभरा है इसलिए भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य होने का प्रबल दावेदार और हकदार है। ब्राजील को भारत की जरूरत है तो भारत को ब्राजील की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र संघ में दोनों स्थायी सदस्यता इसलिए चाहते हैं कि कई वैश्विक मुद्दों पर, खासकर आतंकवाद, समुद्री डकैती, तस्करी, साइबर अपराध और तमाम जटिल वैश्विक समस्याओं से दोनों देश बराबर पीड़ित रहे हैं। दुनिया के तमाम देश कई विकट समस्याओं-खासकर आतंकवाद और अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध से पीड़ित रहते हैं। इन दोनों देशों का यूएनओ का सदस्य बन जाने से कई जटिलताएं दूर हो सकती हैं। आज आतंकवाद सबसे जटिल वैश्विक मुद्दा है और पाकिस्तान आतंकवाद का सबसे बड़ा कारखाना है।



चीन पाकिस्तान का साथ देने के लिए अपने वीटो का इस्तेमाल कर पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित होने से बचा लेता है। भारत और ब्राजील यदि स्थायी सदस्यता हासिल कर लेंगे तो चीन की मनमानी नहीं चलेगी। इतना ही नहीं, पाकिस्तान का साथ देने की चीन की मंशा पर रोक तभी लग सकती है जब भारत और ब्राजील को भी वीटो करने या वीटो को रद्द करने का पूरा अधिकार मिल जाए। संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद में जब लैटिन अमेरिकी देशों, कैरेबियन, एशिया और अफ्रीकी क्षेत्रों से विकासशील देशों को भी अधिक प्रतिनिधित्व होगा, तब अमेरिका की भी मनमानी करने से रोका जा सकेगा। भारत का इजराइल जितना ही विश्वसनीय देश ब्राजील भी है।

सुरक्षा परिषद का विस्तार होने पर इजराइल को भी यदि इसका स्थायी सदस्य के रूप में शामिल किया जाता है तो यह भारत के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे एशिया महाद्वीप, लैटिन अमेरिका, अफ्रीकी देशों और अरब देशों के लिए बेहद फायदेमंद होगा। भारत की स्थायी सदस्यता का मतलब दुनिया को आतंकवाद जैसी सबसे गम्भीर समस्या से निजात मिल सकेगी, क्योंकि उन देशों पर लगाम लगाने में सहुलियत होगी, जो आतंक और आतंकवादियों को संरक्षण और पोषण देने का कार्य करते हैं। तत्काल ब्राजील चाहता है कि भारत 2028-29 की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य के रूप में शामिल कर लिया जाए। कुछ वर्षों से दुनिया में अशांति और कहीं-कहीं युद्ध के हालात बने हैं। इससे भू-राजनीतिक तनाव बढ़ा है। ऐसे में जरूरी है कि बहुपक्षवाद को मजबूती मिले और विवादों का शांतिपूर्ण समाधान के लिए संवाद और अन्य तंत्रों को तत्काल पुनर्जीवित किया जाए। भारत का अतीत बताता है कि इसने हमेशा दुनिया में शांति प्रयासों और आपसी मैत्रीपूर्ण नीति का समर्थन किया। यही कारण है कि भारत ने रूस-यूक्रेन, इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध को शांतिपूर्ण नीतियों से हल करने या अमेरिकी दादागीरी के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। इससे दुनिया को यह संदेश गया कि भारत आज जिस स्थिति में है, उसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता मिलनी ही चाहिए। यह इसलिए भी जरूरी है कि अमेरिकी दखल की वजह से विश्व मैत्री को बढ़ावा देने वाली इस संस्था की प्रासंगिकता धीरे-धीरे खत्म हो रही है। भारत की सदस्यता इसका सबसे बेहतर उपचार है। जिस तरह से ब्राजील, जापान, जर्मनी, फ्रांस और इजराइल ने भारत के साथ सैन्य अभ्यास को बढ़ाया है उससे यह साफ हो गया है कि भारत के साथ मुसीबत के दिनों में इन मित्र देशों का साथ मिलने में सहुलियत होगी। इससे अप्रासंगिक हो रहे यूएनओ की महत्ता ही बहाल न होगी बल्कि वीटो के मनमानी इस्तेमाल पर उन देशों पर रोक लगेगी, जो भारत विरोधी देशों के समर्थन में देखे जाते थे।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## तकनीक

आशुतोष कुमार सिंह



# टेक्नोलॉजी से पोषण तकः बदल रही राशन वितरण की व्यवस्था

मिशन पोषण 2.0 के अंतर्गत लागू पोषण ट्रैकर आज दुनिया की सबसे बड़ी सरकारी वित्तपोषित पोषण निगरानी प्रणालियों में शामिल है। यह आंगनबाड़ी सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सरल और जवाबदेह बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। पोषण ट्रैकर सिर्फ एक ऐप नहीं, बल्कि ऐसा डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है, जिसने पहली बार महिलाओं और बच्चों से जुड़ी पोषण जानकारी को वास्तविक समय में दर्ज और समझना संभव बनाया है। आज यह 14 लाख से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों को जोड़ता है और छोटे बच्चों की लम्बाई, वजन, कुपोषण के संकेत, साथ ही गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं की पोषण स्थिति का रिकॉर्ड लगातार अपडेट करता है। कई राज्यों में यह किशोरियों की पहचान और उनके लिए दी जा रही सेवाओं को भी ट्रैक करता है। इससे 8 करोड़ से अधिक बच्चों, माताओं और किशोरियों का एक स्पष्ट पोषण प्रोफ़ाइल तैयार हो पाया है- खास तौर पर उन समूहों का, जिनमें कुपोषण की संभावना सबसे ज़्यादा हो सकती है। पोषण ट्रैकर ने आंगनवाड़ी सेवाओं की डिलीवरी को भी अधिक पारदर्शी बनाया है। पहले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भारी-भरकम रजिस्टरों में डेटा भरना पड़ता था, जिसे न समय पर देखा जा सकता था और न ही निर्णय-निर्माण में इस्तेमाल किया जा सकता था। अब वही जानकारी मोबाइल पर आसानी से दर्ज हो जाती है और तुरंत उपयोग के लिए उपलब्ध रहती है। इससे ब्लॉक, ज़िला, राज्य और केंद्र स्तर के अधिकारी समझ पाते हैं कि किस क्षेत्र में कुपोषण अधिक है, कहां सेवाएं कमजोर हैं और किन स्थानों पर तुरंत हस्तक्षेप की आवश्यकता है।




यह एक सतत सुधार वाली प्रणाली है, जिसने स्थानीय स्तर पर पोषण सेवाओं की पहचान और समय पर पहुंच के कई नए अवसर खोले हैं, क्योंकि टेक-होम राशन सीधे लाभार्थी तक पहुंचने वाली सेवा है, इसलिए इसे पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए ई- केवाईसी और एफआरएस जैसी प्रक्रियाएं लाई गई हैं। इसका मूल उद्देश्य यही है कि सभी पात्र लाभार्थियों तक टेक-होम राशन सही मात्रा में और समय पर पहुंचे, साथ ही व्यवस्था में मौजूद संभावित लीकेज, मनमानी और भ्रष्टाचार जैसी चुनौतियों को कम किया जा सके। ई-केवाईसी वह प्रक्रिया है जिसमें आधार नंबर दर्ज कर ओटीपी के माध्यम से पहचान सत्यापित होती है। यह एक बार की प्रक्रिया है, हर महीने इसे दोहराने की कोई आवश्यकता नहीं। एक बार हुए ई-केवाईसी से लाभार्थी का आजीवन डिजिटल पहचान रिकॉर्ड बन जाता है, जिससे सेवाएं निर्बाध मिलती हैं। दूसरी ओर, एफआरएस यह दर्ज करता है कि "कब–कहां–किसे" राशन मिला। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ऐप में लाभार्थी को चुनती हैं, लाइव फोटो लेती हैं, और सिस्टम उसे पहले से मौजूद तस्वीर से मिलाकर वितरण की पुष्टि करती है। यह प्रक्रिया ऑफ़लाइन मोड में भी चलती है, जिससे दूरदराज़ क्षेत्रों में भी वितरण की जांच आसानी से हो जाती है। सबसे महत्त्वपूर्ण बात किसी भी बच्चों की फोटो नहीं ली जाती; उनके अभिभावक की पहचान ही पर्याप्त मानी जाती है। आंकड़े दर्शाते हैं कि 31 दिसम्बर 2025 तक 4.73 करोड़ पात्र राशन लाभार्थियों में से 4.51 करोड़ का ई- केवाईसी और आधार आधारित चेहरा मिलान पूरा हो चुका है। यह लगभग 95.4% कवरेज है, जो स्पष्ट दिखाता है कि वास्तविक लाभार्थी न तो ई- केवाईसी से परेशान हैं और न ही एफआरएस से। कम नेटवर्क की समस्या के समाधान के लिए फैस मैचिंग को ऑफ़लाइन मोड में भी एक्टिवेट किया गया है। इस पहल को केवल तकनीकी सुधार के रूप में नहीं, बल्कि सेवा वितरण में विश्वास बढ़ाने के कदम के रूप में देखा जाना चाहिए। पोषण ट्रैकर की सफलता ऐप या एल्गोरिद्म की नहीं, बल्कि विश्वास की कहानी है- एक ऐसी प्रणाली जहां लाभार्थी बिना भटकाव के अपना हक़ पाए, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का काम सरल हो और सरकार का हर संसाधन पारदर्शी रूप से सही व्यक्ति तक पहुंचे। पूरी दुनिया डिजिटल हो रही है और भारत इस परिवर्तन का नेतृत्व कर रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य और पोषण जैसी जीवन-निर्भर सेवाओं का डिजिटल होना स्वाभाविक और आवश्यक है। इसलिए, यदि आप लाभार्थी हैं, तो इन पहलों को अपनाएं, दूसरों को भी जागरूक करें, और सुनिश्चित करें कि आपका अधिकार आपको बिना किसी बाधा के मिले। तकनीक तभी सार्थक है, जब वह अधिकारों को सुरक्षित और सुलभ बनाए, और पोषण ट्रैकर इसी दिशा में एक बड़ा कदम है।

( लेखक स्वस्थ भारत, पंजी, न्यास के चेयरमैन हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सब प्राणियों का मार्गदर्शन करती हैं मां जगदंबा



संकलित
## दर्शन

इस जगत की प्रत्येक वस्तु, चर या अचर का मूल स्रोत एक निगूढ़ शक्ति है, जो तर्क और बुद्धि की सीमा के परे है! कोई पूछे कि यह शक्ति स्त्रीलिंग है या पुंल्लिंग, तो उत्तर के स्त्रीलिंग होने की संभावना अधिक है। जैसे एक नए जीवन को गढ़ने के लिए सहनशीलता, धैर्य, करुणा और क्षमता एक मां में ही होती है, वैसे ही विश्वमातृत्व की अनंत शक्ति ही इतने महत एवं विशाल जगत को जन्म दे सकती है। नवरात्र में, पहले तीन दिन दुर्गा देवी की उपासना की जाती है, फिर अगले तीन दिन लक्ष्मी देवी की और अंतिम के तीन दिन सरस्वती देवी की! देवी के ये तीन रूप क्रमशः तीन गुणों के प्रतीक हैं-तमोगुण, रजोगुण और सतोगुण। यहां हम आश्चर्य में पड़ सकते हैं कि दुर्गा देवी तम की प्रतीक क्यों? भौतिक जगत में रहते हुए थोड़े-बहुत तमोगुण की भी आवश्यकता होती है। तमस पर्याप्त न हो तो हम ठीक से सो भी नहीं पाएंगे। आज कितने लोग अनिद्रा से ग्रस्त नींद की गोलियों के आदी हैं? क्यों उन्हें ठीक से नींद नहीं आती? क्योंकि उनके शरीर में तमस की कमी है। अतः वे अपने शरीर में कृत्रिम रूप से तमस का निर्माण करते हैं! बीच के तीन दिन, देवी की पूजा लक्ष्मी रूप में होती है- रजोगुण के रूप में, जिसकी आवश्यकता किसी भी कार्य को करने में होती है। पैसा कमाना हो, चाहे कोई इच्छा पूरी करनी हो। शरीर में अत्यधिक या अति न्यून रजोगुण होना भी समस्याएं खड़ी करता है। अत्यधिक रजोगुण होगा तो ठीक से सोच भी नहीं सकते और शांति-विश्रांति भी दूर रहती है! फिर तनाव, चिंता और उच्च रक्तचाप हो जाता है।

# नई बातें सीख पाएंगे तो व्यक्तित्व में निखार आएगा



संकलित
## प्रेरणा

एक गरीब व्यक्ति अर्जुन के पास पहुंचा और बोला कि कोई चोर उसकी गाय चुराकर ले गया है। मेरी मदद करें। अर्जुन उस व्यक्ति की मदद के लिए अपने धनुष-बाण लेने युधिष्ठिर-द्रौपदी के कमरे में चले गए। अर्जुन ने उस गरीब की मदद तो कर दी, लेकिन पांडवों का बनाया हुआ नियम तोड़ दिया। ये नियम तोड़ने के लिए अर्जुन को वनवास जाना पड़ा। अर्जुन 12 वर्षों के लिए अकेले ही वनवास के लिए निकल पड़े थे। वे वन-वन घूम रहे थे। अर्जुन ने तय किया कि मुझे इस वनवास में तपस्या करके अपने व्यक्तित्व को और निखारना चाहिए। उन्होंने सोचा कि मुझे वन में दुखी नहीं होना चाहिए, बल्कि नए लोगों से मिलकर कुछ नया सीखना चाहिए। वनवास के समय में एक श्रीकृष्ण और अर्जुन की मुलाकात हुई। अर्जुन ने पूरी बात श्रीकृष्ण को बता दी। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम मेरे साथ द्वारका चलो। अर्जुन ने कहा कि मुझे तो वनवास में ही रहना है। मैं वन से बाहर नहीं जा सकता। श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि वन में घूमो और नए-नए स्थानों का, नई-नई विद्याओं का ज्ञान प्राप्त करो। जब हम यात्रा में होते हैं, तब हमें लगातार नया सीखते रहने की कोशिश करनी चाहिए। तभी यात्रा का लाभ मिल सकता है। वन तो तुम देख चुके हों, अब मैं तुम्हें द्वारका इसीलिए ले जा रहा हूं, ताकि तुम एक ऐसी नगरी देख सको, जहां तुम्हें और नई बातें सीखने को मिलेगी। द्वारका में योग में भोग और भोग में योग देखने को मिलेगा। तुम्हें द्वारका में बहुत बड़ा संदेश मिलेगा। श्रीकृष्ण की बातें मानकर अर्जुन द्वारका चले गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अमेरिकी टैरिफ पर सियासत नहीं, रणनीति की जरूरत

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा सभी देशों पर पंद्रह प्रतिशत समान टैरिफ लगाने की घोषणा ने वैश्विक व्यापार जगत में नई हलचल पैदा कर दी है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। पहले दस प्रतिशत की बात हुई फिर चौबीस घंटे के भीतर पंद्रह प्रतिशत का ऐलान कर दिया गया। इस बदलाव ने यह स्पष्ट कर दिया कि अमेरिका अपनी घरेलू आर्थिक और राजनीतिक जरूरतों के अनुसार व्यापार नीति को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। ऐसे समय में भारत को भावनात्मक प्रतिक्रिया नहीं बल्कि संतुलित और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। भारतीय राजनीति में इस मुद्दे को लेकर आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने इसे देश के साथ धोखा बताया और सरकार पर अमेरिकी दबाव में झुकने का आरोप लगाया।

*– कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि



रांची से दिल्ली की ओर जा रहा एक एयर एंबुलेंस चतरा के निकट दुर्घटनाग्रस्त होने का अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक समाचार मिला है। विमान में सवार सभी सात लोगों के निधन की पुष्टि हुई है। इस असामयिक दुर्घटना में दिवंगत सभी आत्माओं को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं।
**-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री**

### अमेरिकी डील रद्द करें



मोदी जी, खुली चुनौती है - भारत-अमेरिका व्यापार सौदा रद्द करें। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप के फैसले को रद्द कर दिया, सभी देशों ने अपने फैसले पर फिर से बातचीत की,आप क्यों शामिल हैं? सारा देश जानता है कि आप ये नहीं कर सकते - क्योंकि आप अमेरिकी पकड़ में सरेंडर कर चुके हैं।
**- राहुल गांधी, सांसद कांग्रेस**

### जन-आकांक्षाओं का बजट



झारखंड की जन-आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए लाया गया यह अबुआ दिशोम बजट 2026-27 है। वर्ष 2050 तक युवा झारखंड का समृद्ध बनने का सफर सुगम एवं तीव्रता से भरा हो, यह सुनिश्चित करने के लिए बजट में कई प्रावधान किए गए हैं।
**- हेमंत सोरेन, सीएम, झारखंड**

### निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण



बीजेपी और आरएसएस की मानवीय दृष्टिकोण और संवेदनाओं की व्याख्या में करुणा की बजाय नफरत झलकती है। एक ज़रूरतमंद महिला को कंबल देने से वंचित करना बेहद निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है।
**- सचिन पायलट, पूर्व केंद्रीय मंत्री**

## करंट अफेयर

# ब्रह्मांड के विशाल तारे में विस्फोट होने की आशंका

ब्रह्मांड के सबसे बड़े ज्ञात तारों में से एक डब्ल्यूओएच जी64 में वर्ष 2014 में बड़ा परिवर्तन दर्ज किया गया और नए शोध के अनुसार इसमें विस्फोट होने की आशंका है। एथेंस की राष्ट्रीय वेधशाला के गोंजालो मुन्योस–सांचेज के नेतृत्व में किए गए अध्ययन में कहा गया है कि यह तारा अपनी लाल विशाल अवस्था से दुर्लभ पीली अतिविशाल अवस्था में प्रवेश कर चुका है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह बदलाव तारे के जीवन के अंतिम चरण का संकेत हो सकता है। अति–विशाल अवस्था में पहुंचने के बाद तारे का जीवन आमतौर पर महाविस्फोट के साथ समाप्त होता है। यह अध्ययन 'नेचर एस्ट्रोनॉमी' में प्रकाशित हुआ है। डब्ल्यूओएच जी64 की खोज 1970 के दशक में 'लार्ज मैनेलैनिक क्लाउड' में हुई थी, जो हमारी आकाशगंगा के निकट स्थित एक बौनी आकाशगंगा है। यह तारा अत्यंत चमकीला और असाधारण रूप से विशाल है, जिसका आकार सूर्य की त्रिज्या से लगभग 1,500 गुना अधिक आंका गया है। वर्ष 2024 में अत्यंत विशाल दूरदर्शी 'इंटरफेरोमीटर' की मदद से इसकी विस्तृत तस्वीर ली गई, जिसमें इसके चारों ओर धूल का घना आवरण दिखाई दिया। इससे संकेत मिला कि यह तारा उम्र बढ़ने के साथ अपना द्रव्यमान तेजी से खो रहा है।



## ऑफ बीट

# आपके अस्थमा को बर्गर व चिप्स करते हैं प्रभावित

कुछ खाद्य पदार्थ या आहार पैटर्न आपके अस्थमा के बेहतर नियंत्रण से जुड़े हुए हैं। अन्य इसे बदतर बना सकते हैं। आपने जो खाया है उसके आधार पर, आप घंटों में प्रभाव देख सकते हैं। भोजन इस बात पर असर डाल सकता है कि आपके फेफड़े कितनी अच्छी तरह काम करते हैं, आपको कितनी बार अस्थमा का दौरा पड़ता है और आपका पफ़र कितनी अच्छी तरह काम करता है। यहां हम जानते हैं कि यदि आपको अस्थमा है तो कौन से खाद्य पदार्थ अधिक खाने चाहिए और कौन से कम मात्रा में खाने चाहिए। अस्थमा एक प्रदाह संबंधी बीमारी है। जब कोई व्यक्ति कुछ ट्रिगर्स (जैसे श्वसन वायरस, धूल या व्यायाम) के संपर्क में आता है, तो फेफड़ों तक जाने वाले वायुमार्ग में प्रदाह होता है और यह संकीर्ण हो जाते हैं। अस्थमा से पीड़ित वयस्कों के लिए फलों और सब्जियों से भरपूर आहार खाना भी महत्वपूर्ण है। संतृप्त वसा अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों जैसे बिस्कुट, सॉसेज, पेस्ट्री और चॉकलेट और फास्ट फूड में पाए जाते हैं। संतृप्त वसा, साथ ही चीनी और लाल मांस से भरपूर आहार किसी के अस्थमा के लक्षणों को बिगाड़ सकता है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# इंग्लैंड टी-20 वर्ल्डकप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम, पाकिस्तान को 2 विकेट से हराया

## इंग्लिश टीम सबसे ज्यादा 5वीं बार अंतिम चार में पहुंची

## शाहीन के 4 विकेट बेकार

एजेंसी ▶▶ पाल्लेकल

कप्तान हैरी ब्रूक की टी-20 अंतरराष्ट्रीय में करियर की सर्वश्रेष्ठ 100 रन की पारी से इंग्लैंड ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के रोमांचक मैच में पाकिस्तान को पांच गेंद शेष रहते दो विकेट से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। शानदार लय में चल रहे साहिबजादा फरहान की 45 गेंद में 63 रन की पारी से पाकिस्तान ने नौ विकेट पर 164 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया था। 'प्लेयर ऑफ द मैच' ब्रूक की 51 गेंद में 10 चौके और चार छक्के जडे। टी-20 अंतरराष्ट्रीय में उनके पहले शतक से इंग्लैंड ने पांच गेंद शेष रहते आठ विकेट पर 166 रन बनाकर रोमांचक जीत दर्ज की। ब्रूक ने पावरप्ले में तीन और 58 रन तक चार विकेट गंवाने के बावजूद पांचवें विकेट के लिए सैम कुरेन (15 गेंद में 16 रन) के साथ 28 गेंद में 45 और विल जैक्स (23 गेंद में 28 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 31 गेंद में 52 रन की साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई।

यह टी20 विश्व कप के इतिहास में इंग्लैंड के किसी कप्तान द्वारा बनाया गया सर्वोच्च स्कोर भी है। इंग्लैंड लगातार पांचवीं बार टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा है। वह मौजूदा सत्र में ऐसा करने वाला देश है। पाकिस्तान के लिए शाहीन शाह अफरीदी ने चार जबकि उस्मान तारिक और मोहम्मद नवाज ने दो-दो विकेट लिये। टीम में वापसी कर रहे अफरीदी ने लक्ष्य का बचाव करते हुए पहली गेंद पर ही फिल सॉल्ट को चलता करने के बाद अपने अगले ओवर में खराब लय में चल रहे जोस बटलर (दो) को पवेलियन की राह दिखा दी। दोनों का कैच विकेटकीपर उस्मान खान ने पकड़ा। सलमान मिर्जा के खिलाफ छक्का जड़ने वाले ब्रूक ने सईम अयूब की गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराये। अफरीदी की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में जैकब बेथल (आठ) डीप स्क्वायर लेग पर फरहान के द्वारा लपके गये। ब्रूक ने मोहम्मद नवाज के खिलाफ दो चौके लगाने के बाद बैकफुट से छक्का जड़ पावरप्ले को खत्म किया जिससे टीम का स्कोर तीन विकेट पर 53 रन हो गया। आठवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आये उस्मान तारिक ने पहली ही गेंद पर टॉम बैंटम (दो) को चलता कर इंग्लैंड को चौथा झटका दिया।




### पाक-164/9 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| साहिबजादा पगबाधा ओवरटन | 63 |
| सईम अयूब का बेथल बो आर्चर | 07 |
| सलमान का ओवरटन बो डॉसन | 05 |
| बाबर बो ओवरटन | 25 |
| फखर जमां का डॉसन बो रशीद | 25 |
| शादाब खान रन आउट | 23 |
| उस्मान का ओवरटन बो डॉसन | 08 |
| मोहम्मद नवाज पगबाधा डॉसन | 00 |
| शाहीन का कुरेन बो आर्चर | 02 |
| सलमान मिर्जा नाबाद | 02 |

अतिरिक्त: 04
कुल योग: 20 ओवर में नौ विकेट पर 164 रन
विकेट पतन: 1-14, 2-27, 3-73, 4-122, 5-132, 6-146, 7-146, 8-149, 9-164
गेंदबाजी: आर्चर 4-0-32-2, ओवरटन 3-0-26-2, डॉसन 4-0-24-3, कुरेन 3-0-24-0, रशीद 4-0-31-1, जैक्स 2-0-27-0

### इंग्लैंड-166/8 (19.1)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| सॉल्ट का उस्मान बो शाहीन | 00 |
| बटलर का उस्मान बो अफरीदी | 02 |
| हैरी ब्रुक बो अफरीदी | 100 |
| जैकब का फरहान बो अफरीदी | 08 |
| टॉम का फरहान बो अफरीदी | 02 |
| सैम का नवाज बो तारिक | 16 |
| विल जैक्स बो नवाज | 28 |
| जैमी स्टं. उस्मान बो नवाज | 00 |
| लियाम डॉसन नाबाद | 01 |
| जोफ्रा आर्चर नाबाद | 05 |

अतिरिक्त: 04
कुल योग: 18. ओवर में छह विकेट पर
विकेट पतन: 1-0, 2-17, 3-35, 4-58, 5-103, 6-155, 7-160, 8-161
गेंदबाजी: अफरीदी 4-0-30-4, मिर्जा 3.1-0-26-0, अयूब 2-0-21-0, नवाज 3-0-26-2, शादाब 3-0-31-0, तारिक 4-0-31-2

# ऑस्ट्रेलिया ने 70 गेंद पहले हासिल किया 214 का लक्ष्य, भारतीय टीम को 6 विकेट से हराया

## पहला वनडे: हरमनप्रीत और स्मृति की फिफ्टी गई बेकार

एजेंसी ▶▶ ब्रिस्बेन

ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड चैंपियन भारत को पहले वनडे मुकाबले में छह विकेट से पीट दिया। ब्रिस्बेन में खेले गए मुकाबले में उसे जीत के लिए 215 रन का लक्ष्य मिला था। बेथ मूनी (76) और एलिसा हीली (50) के अर्धशतकों से 70 गेंद पहले ही जीत हासिल कर ली। भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 214 रन का स्कोर बनाया था। भारत की तरफ से हरमनप्रीत कौर (53) और स्मृति मांधना (58) ने फिफ्टी बनाई थी। लेकिन ऑस्ट्रेलिया को जीत हासिल करने में कोई दिक्कत नहीं हुई। महिला वर्ल्ड कप 2025 के सेमीफाइनल के बाद यह भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीमों के बीच पहला वनडे मुकाबला था। साथ ही यह एलिसा हीली की आखिरी इंटरनेशनल सीरीज भी है। इसमें ऑस्ट्रेलिया ने जबरदस्त अंदाज में खेल दिखाया।

### बेथ और एनाबेल ने की शानदार बैटिंग



### हरमनप्रीत-काश्वी ने कराया 200 पार

मांधना ने 68 गेंद का सामना किया और सात चौकों से 58 रन की पारी खेली। उन्हें ताहलिया मैक्ग्रा ने रवाना किया। दीप्ति शर्मा (2) और ऋचा घोष (23) भी लंबी पारी नहीं खेल पाई। छह विकेट पर 140 रन के स्कोर से हरमनप्रीत और काश्वी गौतम (43) ने टीम को उबारा। दोनों के बीच 53 रन की साझेदारी हुई। काश्वी ने तीन चौकों व इतने ही छक्कों से 44 गेंद में 43 रन बनाए और भारत को 200 के पार पहुंचाया। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से सात बॉलर्स ने बॉलिंग की और छह को विकेट मिले। गार्डनर 33 पर तीन विकेट के साथ सबसे सफल रही। मेगन शूट को दो सफलता मिली।

### भारत ने जीता टॉस, चुनी बैटिंग

टॉस का सिक्का भारत के पक्ष में गिरा और उन्होंने बैटिंग करना चुना। यह फैसला गलत साबित हुआ। चार महीने बाद वापसी कर रही प्रतिका रावल दो गेंद खेल सकी और बिना खाता खोले मेगन शूट का शिकार हो गई। उनकी वापसी के चलते शेफाली वर्मा को नंबर तीन पर बैटिंग के लिए आना पड़ा और वह भी नाकाम रही। 17 गेंद में चार रन बनाने के बाद उन्हें डार्सी ब्राउन ने आउट किया। जेमिमा रॉड्रिग्स आठ रन बनाकर एश्ले गार्डनर का शिकार बनी। 52 पर तीन विकेट गिरने के बाद मांधना और हरमनप्रीत साथ आईं। इन्होंने चौथे विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी की।

### ऑस्ट्रेलिया के ओपनर्स का आतिशी खेल



लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया को कप्तान हीली और फीबी लिचफील्ड ने शानदार शुरुआत दी। दोनों के बीच 55 रन की साझेदारी हुई। श्री चरणी ने लिचफील्ड को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। बाएं हाथ की यह बल्लेबाज छह चौकों से 32 रन बनाकर आउट हुई। अगली गेंद पर जॉर्जिया वॉल भी आउट हो गई, जिससे श्रीचरणी हैट्रिक पर आ गई। लेकिन बेथ मूनी ने कप्तान के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलिया को फिर से जीत की पटरी पर डाल दिया। इन दोनों के बीच 64 रन की साझेदारी हुई।

## खबर संक्षेप



### कराटे के प्रबंधन के लिए गठित हो समिति: खेल मंत्रालय

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से देश में कराटे के संचालन के लिए एक तदर्थ (एड-हॉक) समिति गठित करने को कहा है क्योंकि कई संगठन इस खेल का राष्ट्रीय महासंघ होने का दावा कर रहे हैं, जिससे /"व्यवस्थित प्रशासन/" प्रभावित हो रहा है और खिलाड़ियों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। आईओए अध्यक्ष पीटी उषा को लिखे पत्र में मंत्रालय ने कहा कि कराटे इस वर्ष एशियाई खेलों की सूची में शामिल है, इसलिए इसके सुशासन की संरचना सुनिश्चित करना आवश्यक है।

### हमें स्मार्ट क्रिकेट खेलनी होगी: सैमन्स

**मुंबई।** जिम्बाब्वे के मुख्य कोच जस्टिन सैमन्स जानते हैं कि भारत उनके खिलाफ गुरुवार को टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में आक्रामक रुख अपनाएगा, लेकिन उनका मानना है कि वेस्टइंडीज से मिली करारी हार से मिले सबक के बाद उनकी कमजोर मानी जाने वाली टीम इस महत्वपूर्ण मैच के लिए पूरी तरह से तैयार रहेगी।

# जम्मू कश्मीर की मजबूत पकड़, पुंडीर का शतक

## रणजी ट्रॉफी फाइनल : पहले दिन जम्मू कश्मीर ने बनाए 2 विकेट पर 284 रन

एजेंसी ▶▶ हुबली

जम्मू-कश्मीर ने केएससीए हुबली क्रिकेट ग्राउंड पर जारी रणजी ट्रॉफी एलीट के फाइनल मुकाबले में पहले दिन के खेल तक अपनी मजबूत पकड़ बना रखी है। मंगलवार को दिन की समाप्ति तक इस टीम ने 2 विकेट खोकर 284 रन बना लिए हैं। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी जम्मू-कश्मीर की शुरुआत निराशाजनक रही। टीम ने 18 के स्कोर पर कामरान इकबाल का विकेट खो दिया था। इकबाल टीम के खाते में सिर्फ 6 रन ही जुटा सके। इसके बाद यावर हसन ने शुभम पुंडीर के साथ दूसरे विकेट के लिए 139 रन जुटाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

### प्रसिद्ध एकमात्र सफल गेंदबाज



हसन ने 150 गेंदों का सामना करते हुए 13 चौकों की मदद से 88 रन बनाए। यहां से शुभम पुंडीर ने कप्तान पारस डोगरा के साथ 22 रन की साझेदारी की। कप्तान पुंडीर 9 के स्कोर पर रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटे, जहां से पुंडीर ने अब्दुल समद के साथ मोर्चा संभाला। दिन की समाप्ति तक दोनों बल्लेबाजों ने 144 गेंदों में 105 रन की साझेदारी कर ली है। पहले दिन के खेल तक शुभम पुंडीर 221 गेंदों में 2 छक्कों और 12 चौकों के साथ नाबाद 117 रन बना चुके थे, जबकि अब्दुल समद ने 67 गेंदों में 1 छक्के और 5 चौकों के साथ 52 रन अपने खाते में जोड़ लिए हैं। कर्नाटक की तरफ से प्रसिद्ध कृष्णा एकमात्र सफल गेंदबाज रहे हैं, जिन्होंने 16 ओवरों में 36 रन देकर 2 विकेट अपने नाम किए।

# किप्सन ने किया बड़ा उलटफेर, दो बार के चैंपियन मिनौर को हराया

एजेंसी ▶▶ अकापुल्को

अमेरिका के पैट्रिक किप्सन ने मैक्सिकन ओपन के पहले राउंड में बड़ा उलटफेर किया है। उन्होंने छठी सीड और दो बार के चैंपियन एलेक्स डी मिनौर के खिलाफ 6-1, (4)6-7, 7-6(4) से जीत दर्ज की। यह साल 2024 में इंडियन वेल्स के बाद उनकी पहली टूर-लेवल जीत थी। यह मैक्सिकन टूर्नामेंट में किप्सन का पहला मैच था, इत्तेफाक से उसी हफ्ते उन्होंने अपने करियर की सबसे ऊंची रैंकिंग हासिल की थी। दूसरी ओर, डी मिनौर दो हफ्ते पहले रॉटरडैम में खिताब जीतने के बाद अपना



पहला इवेंट खेल रहे थे। किप्सन ने एलेक्स डी मिनौर की सर्विस तोड़कर मैच का पासा पलट दिया। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने आखिरी सेट में 5-4 से जीत हासिल की, और फिर दो घंटे 39 मिनट में एक मुश्किल मुकाबला खत्म किया।

उत्तर रेलवे
हॉल्ट ठेकेदार की नियुक्ति

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट, भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिए कार्य करते हुए, अंबाला मंडल के अंतर्गत नीचे उल्लिखित 12 हॉल्ट स्टेशनों के लिए 5 वर्षों की अवधि हेतु हॉल्ट ठेकेदार की नियुक्ति के लिए इच्छुक आवेदकों से खुले आवेदन आमंत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | NIA संख्या एवं तिथि | CP-10-UMB-Halt-99-pt-II |
| 2 | रेलवे वेबसाइट | www.nr.indianrailways.gov.in |
| 3 | आवेदन दस्तावेज डाउनलोड प्रारंभ तिथि | 07.02.26 को 13.00 बजे |
| 4 | आवेदन दस्तावेज डाउनलोड अंतिम तिथि | 27.02.26 को 15.00 बजे |
| 5 | आवेदन जमा करने की तिथि | 27.02.26 को 10.00 बजे, वाणिज्य शाखा, डीआरएम कार्यालय, अंबाला कैंट |
| 6 | आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 27.02.26 को 15.00 बजे, वाणिज्य शाखा, डीआरएम कार्यालय, अंबाला कैंट |
| 7 | आवेदन (बिड) खोलने की तिथि | 27.02.26 को 15.30 बजे, वाणिज्य शाखा, डीआरएम कार्यालय, अंबाला कैंट |
| 8 | स्टेशनों के नाम | जेठुके, कुदनी, भरूर, गोविंदगढ़ खोखर, फकर्सर, मोहनपुरा, ककराला, राय मेहतपुर, भानुपाली, पनोह, बहावल बस्सी, तंदवाल। |

हॉल्ट ठेकेदार के आवंटन से संबंधित सभी निर्देश रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध हैं।
613/2026 सहायक वाणिज्य प्रबंधक, अंबाला कैंट
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# दिल्ली में शुरू हुई पैरा तैराकी कार्यशाला

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई उच्चायोग के सहयोग से तीन दिवसीय पैरा तैराकी कोचिंग कार्यशाला शुरू हुई। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी तैराकी परिसर में आयोजित की जा रही इस कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञ और कोच भारत में पैरा तैराकी को बेहतर बनाने पर चर्चा करेंगे। ग्वालियर स्थित लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (एलएनआईपीई) में भी तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने उद्घाटन समारोह के दौरान ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन को शॉल भेंट की। ग्रीन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया पैरा खेलों में अपनी विशेषज्ञता भारत के साथ साझा करने के लिए तैयार है। ग्रीन ने कहा, 'पैरा तैराकी को बढ़ावा देने के लिए भारत में विशेषज्ञता लाने से हम बेहद खुश हैं। ऑस्ट्रेलिया और भारत का संबंध मुख्य रूप से क्रिकेट से जुड़ा रहा है, लेकिन जैसे-जैसे भारत वैश्विक खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी कर रहा है उसे देखते हुए ऑस्ट्रेलिया उसके साथ एक भागीदार के रूप में बने रहना चाहता है।'



# प्राग शतरंज महोत्सव: साल की पहली सफलता पर डी. गुकेश की निगाह

**प्राग।** विश्व चैंपियन गुकेश विश्व कप से जल्दी बाहर होने और टाटा स्टील मास्टर्स में निराशाजनक प्रदर्शन को भुलाकर बुधवार से शुरू होने वाले प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव में साल का अपना पहला खिताब जीतने की कोशिश करेंगे। दूसरी वरीयता प्राप्त गुकेश को शीर्ष वरीयता प्राप्त जर्मन खिलाड़ी विंसेंट कीमर और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा, जिनका हाल का प्रदर्शन अच्छा रहा है। कीमर लाइव रेटिंग में चौथे स्थान जबकि अब्दुसत्तोरोव पांचवें स्थान पर हैं। गुकेश 10वें स्थान पर हैं और इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों में रेटिंग के मामले में सबसे आगे हैं। पिछले कुछ समय तक लाइव रेटिंग में शीर्ष 10 में तीन भारतीय खिलाड़ी हुआ करते थे, लेकिन अर्जुन एरिगैसी और आर प्रज्ञाननंदा खराब प्रदर्शन के कारण नीचे खिसक गए हैं। गुकेश के साथ इस प्रतियोगिता में एक अन्य भारतीय खिलाड़ी मौजूदा चैंपियन अरविंद चिदंबरम भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। अमेरिका के हैंस नीमन एक और ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन पर सभी की नजर रहेगी। ईरान के परहम मगसूदलू भी प्रतियोगिता में अपनी चुनौती पेश करेंगे जबकि नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर जॉर्डन वैन फोरस्ट ने अपने प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई है, जिससे वह भी दावेदारों में शामिल हो गए हैं।



डिमांड नोटिस

चूंकि परिसम्पत्ति पुनर्निर्माण कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड (नीचे वर्णित ट्रस्टों के लिए ट्रस्टी के तौर पर क्षमता में कार्य करते हुए) (यहां इसके पश्चात "एआरसीआईएल" के रूप में संदर्भित) कम्पनी अधिनियम 1956 के तहत निगमित और प्रतिभूति हित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण (यहां इसके पश्चात "दि सरफेसी एक्ट" के रूप में संदर्भित) के भारतीय रिजर्व बैंक के पास एक परिसम्पत्ति पुनर्निर्माण कम्पनी के रूप में पंजीकृत है, का प्राधिकृत अधिकारी और चूंकि नीचे वर्णित चार्ट के कॉलम सं. 2 में वर्णित अनुसार कर्जदार/सह-कर्जदारों ने आईआईएफएल-होम फाइनेंस लि. मूल ऋणदाता से ऋण प्राप्त किया और एआरसीआईएल ने सर्फेसी एक्ट के तहत सिक्योर्ड क्रेडिटर के नाते यहां नीचे वर्णित ऋण अकाउंट्स के सम्बन्ध में वित्तीय परिसम्पत्तियों का अधिग्रहण किया और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 2 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, डिमांड नोटिस जारी किया जिसमें सूचना की तिथि से 60 दिन के अंदर सूचनाओं में वर्णित राशि सहित उन पर आगे के ब्याज का पुनर्भुगतान करने के लिए यहां नीचे वर्णित अनुसार कर्जदारों/सह-कर्जदारों का आह्वान किया, परन्तु उन नोटिसों में से कुछ की विभिन्न कारणों की वजह से तामिल नहीं हो सकी। ट्रस्ट का नाम : एआरसीआईएल-ट्रस्ट-2026-015

| कर्जदार(ों)/गारंटर(ों) के नाम | डिमांड नोटिस तिथि और राशि | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन |
|---|---|---|
| श्री बलजीत सिंह श्रीमती हरप्रीत (प्रोस्पेक्ट नं. 835315) | 08-जन.-2026, रु. 919479.94/- (रुपये नौ लाख उन्नीस हजार चार सौ उनासी और चौरानवे पैसे केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- फ्लैट नं. जी-03, ग्राउंड फ्लोर, टावर-बी, स्मार्ट होम्स करनाल, करनाल, करनाल, हरियाणा, भारत 132001, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Carpet_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 376 |
| श्री सुनील दत्त यश किरयाना स्टोर श्री सत्य नारायण श्री शिवदत्त, श्रीमती मंजु, (प्रोस्पेक्ट नं. IL10758366) | 05-जन.-2026, रु. 2827661.76 (रुपये अठाईस लाख सत्ताईस हजार छह सौ इकसठ और छिहत्तर पैसे केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- खसरा नं. 101//15(8-0), मखदूमजदगांव, पानीपत, भारत नगर-132103, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 900.00, 810.00 |
| श्री बलवंत श्रीमती वंदना आरआर इलैक्ट्रोनिक, वंदना नेटवर्क सोल्यूशंस (प्रोस्पेक्ट नं. IL10914722) | 05-जन.-2026, रु. 2195781.11/- (रुपये इक्कीस लाख पचानवे हजार सात सौ इक्यासी और ग्यारह पैसे केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- पीपीआईडी नं. 1hbmkem3 खेवट नं. 143, खाता नं. 145, मुस्तिल, किल्ला नं. 21//23 कुमाऊ धर्मशाला, रोहतक, हरियाणा-124001, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 867.00, 1560.60 |

इसलिए सूचना के प्रकाशन के 60 दिन के अंदर, सम्बन्धित कर्जदार/सह-कर्जदर के विरूद्ध, यहां ऊपर दर्शाये अनुसार कुल बकाया राशि का भुगतान करने के लिए उनका आह्वान करते हुए, यहां ऊपर वर्णितानुसार कर्जदारों/सह-कर्जदारों को नोटिस दिया जाता है। सम्बन्धित कर्जदार/सह-कर्जदार द्वारा आगे के ब्याज सहित कुल बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहने पर, एआरसीआईएल ऊपर वर्णित अनुसार सम्पत्तियों पर प्रतिभूति हित के प्रवर्तन के लिए धारा 13(4) के तहत कार्यवाही करने के लिए बाध्य होंगे, अधिनियम और यहां इनके तहत बनाए गए नियमों के अन्तर्गत निर्धारित अनुसार अन्य तरीकों से सूचना की तामिल के लिए कदम भी उठाए जा रहे हैं। आपको नोटिस दिया जाता है कि सरफेसी एक्ट की धारा 13 (8) में वर्णित अनुसार बिक्री द्वारा हस्तांतरण के लिए निजी सन्धि अथवा सार्वजनिक नीलामी के लिए सूचना के प्रकाशन की तिथि से पूर्व किसी भी समय सम्पूर्ण देय राशि के साथ-साथ लागत, परिव्यय और एआरसीआईएल द्वारा किए गए व्यय के भुगतान करने पर उक्त गिरवी को छुड़ाया जा सकता है। ध्यान दें कि सरफेसी एक्ट की एस-13 (13) के सम्बन्ध में, आपको बिक्री द्वारा, लीज अथवा किसी अन्य तरीके से प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के साथ डीलिंग और/अथवा हस्तांतरण करने से एतद द्वारा निषेध किया जाता है।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 25.02.2026 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, परिसम्पत्ति पुनर्निर्माण कम्पनी (इंडिया) लि. (ट्रस्टी के तौर पर क्षमता में)

परिसम्पत्ति पुनर्निर्माण कम्पनी (इंडिया) लि. CIN No.-U65999MH2002PLC134884
पंजीकृत कार्यालय : दि रूबी, 10वां तल, 29 सेनापति बापत मार्ग, दादर (पश्चिम), मुम्बई-400028, Tel: +91 2266581300. Website: www.arcil.co.in

## मुंबई हाफ मैराथन जीतने के बाद हो गई थीं गायब

# डोप टेस्ट से भागीं पूजा, लगा 3 साल का प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साल 2025 में मुंबई हाफ मैराथन की फिनिश लाइन पार करते वक्त पूजा आत्माराम के चेहरे पर जीत की चमक थी, लेकिन कुछ ही मिनटों में तस्वीर बदल गई। स्वर्ण पदक जीतने के बाद जब उन्हें डोप टेस्ट के लिए चुने जाने की सूचना मिली, तो घटनाक्रम ने अप्रत्याशित मोड़ ले लिया।

रिपोर्ट के अनुसार, एक चैपरोन पूजा आत्माराम को डोपिंग कंट्रोल स्टेशन की ओर ले जा रहा था। भीड़, थकान और तनाव के बीच वह अचानक दिशा बदलकर भीड़ में गायब हो गई। इसके बाद न तो उनका सैंपल लिया जा सका और न ही अधिकारी पूजा से संपर्क कर पाए। एंटी-डोपिंग नियमों के तहत सैंपल देने से इनकार या टेस्ट प्रक्रिया से बचना गंभीर




उल्लंघन माना जाता है। इसके चलते पूजा आत्माराम को तीन साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया। हालांकि, आरोप की सूचना मिलने के एक सप्ताह के भीतर पूजा ने गलती मानते हुए माफी मांगी। इसे ध्यान में रखते हुए एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने चार साल के संभावित प्रतिबंध को एक साल घटाकर तीन साल कर दिया।

### लंबी दूरी की धाविका हैं पूजा

प्रतिबंध तीन फरवरी से लागू होगा। एआईयू ने यह भी कहा कि 23 नवंबर 2025 और उसके बाद के पूजा आत्माराम के नतीजे डिसक्वालिफाई माने जाएंगे। 30 वर्षीय पूजा आत्माराम मुख्य रूप से 5000 मीटर और 10 हजार मीटर स्पर्धाओं में हिस्सा लेती हैं। साल 2024 में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए वह इंडियन ग्रैंड प्रिक्स 2 में तीसरे स्थान पर रही थीं, जो अब तक का उनका उल्लेखनीय प्रदर्शन है।

### टेस्ट से बचने भीड़ में गायब

एआईयू के विस्तृत फैसले में कहा गया कि रेस समाप्त होते ही एक डोपिंग कंट्रोल ऑफिसर और लीड ने उन्हें टेस्टिंग के लिए चुने जाने की जानकारी दी थी। इसके बावजूद पूजा आत्माराम ने डोपिंग कंट्रोल फॉर्म पर हस्ताक्षर नहीं किए। इसके बाद चैपरोन के साथ डीसीएस की ओर जाते समय वह अचानक विपरीत दिशा में दौड़ पड़ीं और भीड़ में ओझल हो गईं।

### कौन होता है चैपरोन?

खेल में चैपरोन को एथलीट सहायक या पर्यवेक्षक भी कहते हैं। चैपरोन वह अधिकृत व्यक्ति है जो एथलीट्स के साथ रहता है, उनकी देखरेख करता है और उनकी सुरक्षा, भलाई और सही व्यवहार की तस्दीक करता है। रेस डायरेक्टर और लीड डीसीओ ने फोन पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। आखिरकार उनका सैंपल एकत्र नहीं किया जा सका। इस मामले में अनुशासनात्मक कार्रवाई इस साल तीन फरवरी को शुरू हुई। बाद में अपराध स्वीकारने के आधार प्रतिबंध में एक वर्ष की कमी दी गई।

उत्तर रेलवे
ई–निविदा

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारो से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (1) एडीईएन/एसआईआर के अधिकार क्षेत्र में एलएचएस पहूंच मार्गो, लेवल क्रॉसिंग, बैलास्टेड पुलों आदि पर ट्रैक की व्यवस्थित ओवरहालिंग, जिसमें रेल नवीनीकरण, बैलास्ट कुशन को ऊपर उठाना, चेक रेल को बदलना और अन्य सहायक कार्य शामिल हैं। (2) एडीईएन/एसआईआर के अधिकार क्षेत्र में पुल संख्या 209, 128, 131, 178, 313 का मेटलाइजिंग और पेंटिंग के साथ साथ पुल की विविध मरम्मत। | 1,80,40,786 | 2,40,200 | 08 महीने | 18.03.2026 |
| 2 | सीनियर डीईएन–IV/यूएमबी के तहत एनएमडीए–एसएनएल (किमी 43.10–95.00) और एनएलडीएम–डीएलपीसी (किमी 103.95–163.275) और सीनियर डीईएन–I/यूएमबी के तहत एमओवाई–यूएमबी (किमी 189.12–197.14), सीडीजी–केएलके (केएम 242.17–266.93) खंड पर एलआईडीएआर सर्वेक्षण तकनीक का उपयोग करके यार्ड और अनुभाग का क्रामिक सत्यापन। | 29,03,275 | 58,100 | 03 महीने | 18.03.2026 |
| 3 | Sr.DEN/II/UMB खंड में ठेकेदार की स्वयं की SQRS मशीन के साथ CTR(P) 44.56 किमी। | 7,20,34,436 | 5,10,200 | 18 महीने | 18.03.2026 |

1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है।
2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें।
3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें।
4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिंगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा।
5. जी.एस.टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी–55/2025–26 दिनांक : 23.02.2026 620/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




## खबर संक्षेप

### अमेरिका में भारी बर्फ भारी 10,000 से अधिक उड़ानें रद्द, रेल सेवा निलंबित

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के उत्तरपूर्वी हिस्से में एक शक्तिशाली बर्फीले तूफान ने कहर बरपाया है। मैरीलैंड से लेकर मेन तक के इलाके भारी बर्फ की चादर में ढक गए हैं। इस भीषण मौसम के कारण शनिवार से मंगलवार के बीच 10,000 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। अकेले सोमवार को 5,000 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुईं और मंगलवार के लिए 1,300 से अधिक उड़ानें पहले ही रद्द कर दी गई हैं।



### राणा की नागरिकता रद्द करने की तैयारी

**ओटावा।** भारत दौरे से पहले कनाडा सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। पाकिस्तान मूल के कारोबारी तहव्वुर राणा की कनाडाई नागरिकता रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। राणा पर 2008 के मुंबई आतंकी हमले में अहम भूमिका निभाने का आरोप है। यह कार्रवाई ऐसे समय में हो रही है, जब कनाडा के पीएम मार्क कार्नी की भारत यात्रा प्रस्तावित है। राणा 64 वर्ष का है और 1997 में कनाडा गया था। उसने 2001 में कनाडाई नागरिकता हासिल की थी।



## ट्रंप की चेतावनी पर ईरानी कमांडर हातामी का बड़ा बयान

# हमारा देश युद्ध के लिए तैयार, वियतनाम और अफगानिस्तान की पराजय याद रखे अमेरिका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान पर हमले की बयानबाजी के बीच ईरानी सेना के प्रमुख मेजर जनरल अमीर हातामी ने कहा कि अगर अमेरिका युद्ध चाहता है तो हम इसके लिए तैयार हैं। हतामी ने आगे कहा कि अमेरिका को वियतनाम और अफगानिस्तान की लड़ाई का हश्र देख लेना चाहिए। जहां उसे पराजय मिली। सेना प्रमुख हातामी ने कहा कि इस्लामिक गणराज्य ईरानी राष्ट्र के खिलाफ बयानबाजी को एक खतरा मानता है और इसका जवाब दिए बिना नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि आज ईरान के सशस्त्र बलों की तैयारी युद्ध से पहले की तुलना में कहीं अधिक है।

हातामी ने कहा कि यदि अमेरिका कोई गलती करता है, तो उसे और भी निर्णायक प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ेगा, और हम किसी भी आक्रमणकारी का पुरजोर तरीके से मुकाबला करेंगे। उन्होंने अमेरिका को चेतावनी दी कि ट्रंप की धमकी के जवाब में किसी भी हमले का भयंकर जवाब दिया जाएगा। अमेरिका और ईरान के खिलाफ हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। ईरान में संभावित सैन्य हमले के लिए खाड़ी देशों में अपनी सैन्य उपस्थिति भी बढ़ा दी है। पूर्व सीआईए अधिकारी जान किरियाकोऊ दावा कर चुके हैं कि अमेरिका जल्द ही ईरान पर हमला कर सकता है। ट्रंप ने कहा है कि वह ईरान पर सीमित सैन्य हमला करने पर विचार कर रहे हैं, हालांकि दोनों देशों के बीच गुरुवार (26 फरवरी 2026) को जिनेवा में अगली वार्ता होने वाली है।

अमेरिका-ईरान के बीच अगली बैठक 26 फरवरी को जिनेवा में

पूर्व सीआईए अधिकारी का दावा, ईरान पर हमला होगा

### ईरानी नागरिकों को फोन पर मिले अलर्ट


यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप


ईरानी सेना प्रमुख अमीर हातामी

ईरान में हजारों लोगों के फोन पर आए धमकी वाले मैसेज ने जंग को लेकर और हलचल मचा दी है। दरअसल, सोमवार को हजारों ईरानी नागरिकों के फोन पर एक रहस्यमयी फारसी मैसेज आया। मैसेज में लिखा था, 'अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप एक बड़ा एक्शन लेने वाले आदमी हैं। देखते रहिए।'

**ईरान को चीन देगा युद्धपोत डुबो देनी वाली मिसाइल**

*अमेरिकी हमले के अंदेशे का सामना कर रहे ईरान ने चीन के साथ मिसाल खरीद की डील की है। ईरानी सेना चीन से सुपरसोनिक एंटी-शिप क्रूज मिसाइल खरीद रही है। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार चीन में बनी सीएम-302 मिसाइलों की डील पूरी हो चुकी है। चीन से अगले कुछ दिनों में इन मिसाइलों के ईरान पहुंचने की संभावना जताई गई है।*

### जनरल केन ईरान के साथ युद्ध के पक्ष में: ट्रंप

ट्रंप ने उन दावों को खारिज कर दिया, जिसमें बताया जा रहा था कि अमेरिका के टॉप मिलिट्री कमांडर जनरल डेनियल केन ने ईरान के साथ संभावित युद्ध के खिलाफ हैं। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल बताया कि फेक न्यूज मीडिया में कई कहानियां चल रही हैं जिनमें कहा गया है कि जनरल डेनियल केन, जिन्हें रजिन के नाम से भी जाना जाता है, ईरान के साथ हमारे युद्ध के खिलाफ हैं। यह कहानी 100% गलत है। ट्रंप ने कहा कि हम सब की तरह जनरल केन भी जंग नहीं देखना चाहते, लेकिन उनकी राय है कि यह युद्ध आसानी से जीता जा सकता है।


डेनियल केन

### ईरान का सैन्य हेलीकॉप्टर क्रैश, चार लोगों की मौत

ईरान की सेना का एक हेलीकॉप्टर मध्य ईरान के एक प्रमुख फल एवं सब्जी बाजार में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे इस हादसे में जिसमें पायलट, को-पायलट समेत 4 लोगों की मौत हो गई कई अन्य घायल हो गए। यह हादसा राजधानी तेहरान से लगभग 330 किलोमीटर दक्षिण में स्थित इस्फहान प्रांत के दोरचेह शहर में हुआ।

### इमरजेंसी टैरिफ की वसूली बंद

**वॉशिंगटन डीसी(एजेंसी)।** यूएस सरकार आज से राष्ट्रपति ट्रम्प की तरफ से लगाए गए इमरजेंसी टैरिफ की मंगलवार रात से वसूली बंद हो गई है। आईईईपीए के तहत लगाए गए टैरिफ से अमेरिका की हर दिन 50 करोड़ डॉलर (4,500 करोड़ ) से ज्यादा की कमाई हो रही थी। अब इन्हें रद्द किए जाने के बाद कंपनियां रिफंड की मांग कर सकती हैं। इधर, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से टैरिफ को गैर-कानूनी बताकर खारिज किए जाने बाद नाराज राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर दुनियाभर के देशों को नई धमकी दी है। ट्रंप ने कहा है कि कोई भी देश, जो गेम खेलना चाहते हैं, उन्हें 'बहुत ज्यादा टैरिफ और उससे भी बुरा' झेलना पड़ सकता है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में ट्रंप ने लिखा, 'कोई भी देश जो सुप्रीम कोर्ट के इस अजीब फैसले के साथ गेम खेलना चाहता है, खासकर वे देश जिन्होंने सालों और दशकों तक अमेरिका को धोखा दिया है, उन्हें उससे कहीं ज्यादा टैरिफ मिलेगा और उससे भी बुरा, जिस पर वे हाल में सहमत हुए हैं।

**अमेरिकी राष्ट्रपति बोले- जो देश गेम खेलना चाहते हैं, उन्हें और टैरिफ झेलना पड़ेगा**

## रूस-यूक्रेन युद्ध के चार वर्ष पूरे

### जेलेंस्की बोले- हमने अपनी आजादी की रक्षा की, हौसला नहीं टूटने दिया


वोलोदिमीर जेलेंस्की

एजेंसी ▶▶ कीव

रूस और यूक्रेन के बीच जारी भयावह संघर्ष की चौथी बरसी पर मंगलवार को यूरोप के एक दर्जन से ज्यादा वरिष्ठ नेता यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे। उनका यह दौरा यूक्रेन के प्रति समर्थन दिखाने के लिए था। इस दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि उनका देश रूस की बड़ी और बेहतर हथियारों से लैस सेना का डटकर सामना कर रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले एक साल में रूस ने यूक्रेन के केवल 0.79 प्रतिशत इलाके पर ही कब्जा किया है। जेलेंस्की ने कहा कि हमने अपनी आजादी की रक्षा की है, हमने अपना देश नहीं खोया है।

उन्होंने यह भी कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अपने मकसद में सफल नहीं हुए हैं और न ही वे यूक्रेनियों का हौसला तोड़ पाए हैं। हालांकि युद्ध अब पांचवें साल में प्रवेश कर रहा है और हालात अब भी गंभीर बने हुए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों पक्षों के मारे गए, घायल या लापता सैनिकों की संख्या वसंत तक 20 लाख तक पहुंच सकती है।

### ईरान से नहीं युद्धपोत में छिड़े 'टॉयलेट युद्ध' से अमेरिका के नौसैनिकों में हाहाकार...

**नई दिल्ली ब्यूरो।** ईरान पर अमेरिका का हमला जब होगा तब होगा। लेकिन उससे ठीक पहले दुनिया के इस सबसे ताकतवर मुल्क को लेकर एक ऐसा मामला सामने आया है। जिसने हर किसी को हैरान करके रख दिया है। पूरी संभावना है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के माथे पर भी इसे लेकर चिंता की लकीरें होंगी। यहां बात अमेरिका के विशालकाय विमानवाहक युद्धपोत 'यूएसएस जेराल्ड आर. फोर्ड' की हो रही है। जिस पर तैनात कुल करीब 5 हजार सैनिकों को खाड़ी देश ने नहीं बल्कि पोत के अपने ही बंद पड़े टॉयलेट ने नाक में दम कर दिया है। दरअसल ये युद्धपोत पिछले साल जून से ईरान के खिलाफ हमले से जुड़ी तैयारियों के मद्देनजर मध्य-पूर्व में अपनी मजबूत समुद्री तैनाती पर है। जिस पर 13 अरब डॉलर की लागत से पानी की बचत के लिए डिजाइन किया गया वैक्यूम वाला सीवेज सिस्टम लगाया गया था। युद्धपोत में नौसैनिकों के भारी-भरकम आंकड़े को देखते हुए कुल 650 टॉयलेट भी लगाए गए हैं। लेकिन इस बार इसकी लंबी तैनाती की वजह से सीवेज सिस्टम पूरी तरह से गड़बड़ा गया है, ज्यादातर टॉयलेट बंद हैं।

■ नित्य क्रिया में हो रही देरी से परेशान नौसैनिक आपस में एक-दूसरे से भिड़ रहे

भारत की रक्षा प्रणाली होगी और मजबूत

## इजराइल करेगा रक्षा सहयोग, आयरन डोम तकनीक साझा करने की तैयारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित इजराइल दौरे से पहले भारत में इजराइल के महावाणिज्यदूत यानिव रेवाच ने कहा है कि इजराइल भारत के साथ अपने रक्षा सहयोग को और विस्तार देने की योजना बना रहा है। इसमें उन्नत रक्षा तकनीक साझा करने और भारत में मिलिट्री हार्डवेयर के निर्माण को बढ़ावा देने पर जोर रहेगा। अत्याधुनिक आयरन डोम सहित अन्य रक्षा प्रणालियों पर भी सहयोग बढ़ाने की तैयारी है। रेवाच ने कहा कि प्रस्तावित दौरे के दौरान रक्षा सहयोग को अपग्रेड करने, तकनीक साझा करने और भारत में निर्माण क्षमताओं को बढ़ाने जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

**उन्नत रक्षा प्रणालियों पर सहयोग**


महावाणिज्यदूत यानिव रेवाच

### आतंकवाद पर साझा दृष्टिकोण

यानिव रेवाच ने कहा कि भारत और इजराइल समान सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहे हैं और आतंकवाद के खिलाफ सहयोग दोनों देशों की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पीएम बेंजामिन नेतन्याहू भी रक्षा सहयोग को संबंधों के प्रमुख स्तंभों में से एक मानते हैं। दोनों देश क्षेत्रीय स्थिरता और उग्रवाद के खिलाफ साझा रणनीति पर काम कर रहे हैं।

### आज से इजरायल के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच गहराती युद्ध की आशंका के चुनौतीपूर्ण दौर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार से इजरायल की दो दिवसीय (25 से 26 फरवरी तक) राजकीय यात्रा पर रहेंगे। जिस पर दुनियाभर के देशों की निगाहें लगी हुई होंगी। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक आधिकारिक बयान में बताया कि इस यात्रा के दौरान पीएम अपने समकक्ष और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ भारत-इजरायल रणनीतिक साझेदारी में हुई सराहनीय प्रगति की व्यापक रूप से समीक्षा करेंगे। इसके अलावा उनकी वार्ता में साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर भी व्यापक रूप से विचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा।

### तटीय सुरक्षा और एंटी-सबमरीन क्षमता होगी मजबूत

## भारतीय नौसेना में स्वदेशी एएसडब्ल्यू क्राफ्ट 'अंजदीप' शामिल होगा



*3000 किमी की दूरी तय करने में सक्षम*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

2047 तक आत्मनिर्भर बनने के लक्ष्य की दिशा में भारतीय नौसेना लगातार स्वदेशी प्लेटफॉर्म शामिल कर रही है। इसी क्रम में 27 फरवरी को स्वदेशी एंटी-सबमरीन वॉरफेयर (एएसडब्ल्यू) शैलो वॉटर क्राफ्ट 'अंजदीप' को आधिकारिक तौर पर नौसेना में शामिल किया जाएगा।

एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी की मौजूदगी में चेन्नई पोर्ट पर इसका कमीशनिंग समारोह आयोजित होगा। क्षेत्रीय समुद्री चुनौतियों को देखते हुए भारतीय नौसेना ने एंटी-सबमरीन वॉरफेयर क्षमता को मजबूत किया है।

इस परियोजना के तहत पहले ही आईएनएस अर्णाला, आईएनएस अंद्रोत्त और आईएनएस माहे नौसेना में शामिल किए जा चुके हैं। 'अंजदीप' इस श्रृंखला का अगला उन्नत प्लेटफॉर्म है।

**हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग**

**नई दिल्ली।** अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर से मायाबंदर जा रहे पवन हंस हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग बीच समंदर में कराई गई। घटना में हेलीकॉप्टर में सवार 2 क्रू मेंबर और 3 पैसेंजर सुरक्षित हैं। पवन हंस भारत की सबसे बड़ी सरकारी हेलीकॉप्टर कंपनी है। इसे आसमान की बस सेवा समझ सकते हैं, जो उन जगहों पर जाती है, जहां ट्रेन या बड़े हवाई जहाज नहीं पहुंच पाते।




### वास्तविक युद्ध जैसी परिस्थितियों में आधुनिक हथियारों का समन्वित उपयोग किया

# रेगिस्तान में सेना का युद्धाभ्यास 'अग्नि वर्षा' शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना ने मंगलवार से 'अग्नि वर्षा' नामक व्यापक सैन्य युद्धाभ्यास शुरू किया है। यह युद्धाभ्याय राजस्थान के बीकानेर जिले के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में किया जा रहा है। इस अभ्यास में आधुनिक टैंक, तोप, ड्रोन, रोबोट, मिसाइल, हेलिकॉप्टर और हवाई शक्ति का समन्वित उपयोग किया जाएगा। 'अग्नि वर्षा' भारतीय सेना का एक बड़ा युद्धाभ्यास है, जिसे वास्तविक युद्ध जैसी परिस्थितियों में अंजाम दिया जा रहा है। दक्षिणी कमान के तत्वावधान में रेगिस्तानी क्षेत्र में यह महत्त्वपूर्ण सैन्य अभ्यास आयोजित किया जा रहा है। इस व्यापक युद्धाभ्यास का उद्देश्य सेना की ऑपरेशनल तैयारी, संयुक्त युद्धक क्षमता और आधुनिक युद्ध प्रणाली की प्रभावशीलता का परीक्षण करना है। रेगिस्तान की कठिन परिस्थितियों में सेना की विभिन्न शाखाएं इसमें भाग ले रही हैं। इनमें पैदल सेना, बख्तरबंद कोर, तोपखाना, वायु रक्षा और संचार इकाइयां शामिल हैं।

### समन्वित हथियार के प्रयोग पर जोर


खरगा कॉर्प्स ने भीष्म टैंक का प्रदर्शन किया

अभ्यास का मुख्य फोकस सभी हथियार प्रणालियों के समन्वित उपयोग पर है। इसमें लंबी दूरी की सटीक मारक क्षमता का परीक्षण किया जाएगा और नेटवर्क आधारित कमांड एवं कंट्रोल सिस्टम को परखा जाएगा। रेगिस्तानी इलाके की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में तेज और निर्णायक कार्रवाई की रणनीति विकसित की जाएगी। इसके माध्यम से आधुनिक तकनीक और स्वदेशी हथियार प्रणालियों की प्रभावशीलता का भी मूल्यांकन होगा।

**पारदर्शिता का संदेश**

इस युद्धाभ्यास को 25 देशों के अंतरराष्ट्रीय रक्षा विशेषज्ञ प्रत्यक्ष रूप से देखेंगे। इससे भारत की सैन्य क्षमता का वैश्विक प्रदर्शन होगा और रक्षा क्षेत्र में पारदर्शिता व विश्वास निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। यह अभ्यास आधुनिक तकनीक के समावेश, स्वदेशीकरण और युद्धक क्षमता के निरंतर विकास की नीति को भी दर्शाता है।

### भविष्य के लिए रणनीतिक तैयारी

सेना का उद्देश्य है कि भविष्य के युद्धक्षेत्र की चुनौतियों के अनुरूप उसकी रणनीति, संसाधन और प्रणालियां पूरी तरह सक्षम और अद्यतन रहें। यह अभ्यास राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा के प्रति सेना की तत्परता का स्पष्ट संदेश देता है। आवश्यकता पड़ने पर त्वरित, सटीक और निर्णायक कार्रवाई की क्षमता सेना के पास मौजूद है। 'अग्नि वर्षा' केवल एक सैन्य अभ्यास नहीं, बल्कि तकनीक-सक्षम और आत्मनिर्भर भारतीय सेना की शक्ति, तैयारी और संकल्प का व्यापक प्रदर्शन भी है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28